५—बेल के पत्तों का रस, हरताल और मैनसिल—इन सबके मिश्रण द्वारा बेल की कलम से २००० की संख्या में यन्त्र किसी एकान्त तथा शुभ स्थान में बैठकर पृथ्वी पर लिखने से मनोभिलाषाएँ पूर्ण होती हैं।

६—आक के पत्तों के रस से आक के पत्ते पर ही १०८ की संख्या में यन्त्र लिखकर कीकर (बबूल) के वृक्ष में बाँध देने से इन्द्र जैसे प्रबल शत्रु को भी ज्वर तथा देहशूल का शिकार बनना पड़ता है।

७—हल्दी को पानी में घिसकर, उसके द्वारा पत्थर के ऊपर [illegible] यन्त्र लिखकर, उसे दुश्मन के घर की चौखट के नीचे गाड़ देने से, उसकी अपने बेटे, भाई, संबंधी आदि से कलह होने लगती है।

८—अपामार्ग (ओंगा, चिरचिटा या अजाझारा) के रस से भोजपत्र के ऊपर यह यन्त्र लिखकर ज्वर-रोगी के गले में बाँध देने से तिजारी, चौथैया आदि हर प्रकार के पारी के ज्वर दूर हो जाते हैं।

९—मोंगरे के रस से भोजपत्र पर इस यंत्र को लिखकर भुजा तथा हृदय पर धारण करने से शास्त्रार्थ में विजय होती है।

१०—पन्द्रह के यन्त्र की सवा लाख गोलियाँ तय्यार करके उन्हें अलग-अलग आटे की गोलियों में बन्द करें तथा गोलियों को मछलियों को खाने के लिए पानी में डाल दें तो सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

११—आक के पत्तों पर पन्द्रह दिनों तक नित्य १००८ की संख्या में इस यन्त्र को लिखें तथा यन्त्र के नीचे शत्रु का नाम लिखकर उन यन्त्र-लिखित पत्तों को अग्नि में जला दें तो शत्रु का नाश हो जाता है।

अन्य नियम

१—कार्य सिद्धि के लिए पन्द्रह के यन्त्र को लिखते समय उत्तर दिशा की ओर मुँह करके बैठना चाहिए तथा अनार की क़लम से लिखना चाहिए।

२—शत्रु को कष्ट पहुँचाने अथवा मारण-कर्म के लिए पन्द्रह के यन्त्र को लिखते समय दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके बैठना चाहिए तथा लोहे की क़लम से लिखना चाहिए। यन्त्र को १०१ बार लिखकर मिटाना चाहिए तथा बैरी के नाम का संकल्प करना चाहिए।

३—शुभ-कार्य के लिए लिखना हो तो पहले संकल्प करके शुक्ल पक्ष में किसी उत्तम दिन से यंत्र को लिखना आरम्भ करना चाहिए।

४—अशुभ कार्य के लिए लिखना हो तो कृष्ण पक्ष में किसी अशुभ दिन से यंत्र को लिखना आरम्भ करना चाहिए।

५—पन्द्रह के यन्त्र का साधन करते समय ब्रह्मचर्य से रहना चाहिए एवं केवल मूँग की दाल तथा चावल का भोजन करना चहिए।

[illegible] यंत्र को लिखने के बाद नदी में बहा देना चाहिए। जो यंत्र [illegible] निकलकर बाहर किनारे पर आ पड़े उसे अपने पास रखना चाहिए। [illegible] प्रभाव से समस्त मनोकामनाएँ पूर्ण होती रहेंगी।

यन्त्र लेखन संख्या

विभिन्न कामनाओं की पूर्ति के लिए १५ का यंत्र निम्नलिखित [illegible] लिखना चाहिए—

(१) [illegible] के लिए—२०००
(२) रोग-मुक्ति के लिए—६०००
(३) वशीकरण के लिए—३०००
(४) ईश्वर की प्रसन्नता के लिए—४०००
(५) देवता की प्रसन्नता के लिए—५०००
(६) रोजगार प्राप्ति के लिए—४०००
(७) परदेश गये हुए को घर बुलाने के लिए—२०००
(८) बाँझ स्त्री को गर्भ-धारण के लिए—५०००
(९) मनवांछित कार्य के लिए—१५०००
(१०) खेती के उत्पादन में वृद्धि के लिए—५०००
(११) मित्र से मिलाप के लिए—२०००
(१२) मन्त्र की सिद्धि के लिए—३०००
(१३) प्रेत को भगाने के लिए—२०००
(१४) गई-वस्तु को प्राप्त करने के लिए—५०००
(१५) शत्रु को वश में करने के लिए—२०००
(१६) बन्धन-मुक्ति के लिए—६०००
(१७) विष-नाश के लिए—२५००
(१८) सरस्वती की प्रसन्नता के लिए—१०००
(१९) शत्रुता दूर करने के लिए—२०००
(२०) औषधि की सिद्धि के लिए—१०००
(२१) तिजारी दूर करने के लिए—६०००
(२२) दुःख दूर करने तथा सुख-प्राप्ति के लिए—२०००
(२३) राजसभा को मोहित करने के लिए—२०००
(२४) राजा को प्रसन्न करने के लिए—४०००
(२५) अनहोनी बात करने के लिए—१०००००

वारानुसार यन्त्र-प्रयोग

विभिन्न वारों (दिनों) में १५ के यन्त्र को विभिन्न भाँति से लिखने

पर विभिन्न कामनाएँ पूर्ण होती हैं। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार समझना चाहिए –

रविवार रविवार के दिन आक के दूध में मरघट की भस्म मिलाकर पन्द्रह का यन्त्र लिखें तथा उसके नीचे शत्रु का नाम लिखकर चिता की अग्नि में डाल दें। ऐसा १०८ बार करने से शत्रु विक्षिप्त हो जाता है।

सोमवार – सोमवार के दिन सफ़ेद दूब, केशर, सफेद निरमिटी तथा कपिला गाय का दूध – इन सबको मिला कर संध्या के समय [illegible] यन्त्र को विलोम रीति से लिखकर बाहु अथवा कंठ में बाँध लें तो राजा भी वशीभूत हो जाता है अन्य लोगों के विषय में तो कहना ही क्या है?

मंगलवार – मंगलवार के दिन कौए के पंख की कलम द्वारा कौए के ही रक्त से, मुर्दे के कफ़न के ऊपर साध्य-व्यक्ति के नाम सहित यन्त्र को लिखकर, उसी (साध्य-व्यक्ति) के दरवाजे पर गाड़ दें तो साध्य-व्यक्ति का उच्चाटन होता है।

बुधवार बुधवार के दिन नाग केशर तथा गोरोचन से यन्त्र को कागज पर लिखकर बत्ती बनालें फिर उसे सरसों के तेल के दीपक में जलाकर मनुष्य की खोपड़ी में काजल पारें तथा उस काजल को अपनी आँखों में लगाकर जिस साध्य स्त्री-पुरुष के सामने जायेंगे, वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

गुरुवार गुरुवार के दिन हल्दी, गोरोचन तथा घी – इन सब वस्तुओं के मिश्रण से यन्त्र को लिखकर उसके नीचे साध्य-व्यक्ति का नाम लिखें फिर उस यन्त्र को अपने बैठने के आसन के नीचे दबावें तो साध्य-व्यक्ति का आकर्षण होता है।

शुक्रवार शुक्रवार के दिन कपूर बच, कूठ और शहद – इन सब वस्तुओं को मिलाकर यन्त्र को लिखें तथा उसे कंठ अथवा भुजा में बाँधलें तो साध्य स्त्री अपने तन-मन एवं धन सहित साधक के समीप चली आती है।

शनिवार शनिवार के दिन चिता की लकड़ी की कलम तथा मुर्गे के रक्त द्वारा उल्टा यन्त्र लिखकर उसके नीचे साध्य-व्यक्ति का नाम लिखें, फिर उसे मरघट में गाड़ देने से साध्य-व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

यन्त्र-लेखन के विषय में अन्य ज्ञातव्य

किसी भी यन्त्र को लिखते समय निम्नलिखित नियमों का पालन करना आवश्यक है

१. यन्त्र लेखन से पूर्व शौच-स्नानादि से निवृत्त हो जाना आवश्यक है।

२. किसी पवित्र स्थान में, शुभ मुहूर्त का विचार करके 'कुमसिन' की विधि से बैठकर ही यन्त्र लिखना चाहिए।

३. जितने दिनों तक यन्त्र-साधन करें, उतने दिनों तक पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए तथा हर प्रकार की बुराई, पाप-कर्म- असत्य-भाषण, हिंसा, निन्दा, ईर्ष्या, क्रोध आदि से दूर रहना चाहिए।

४. यन्त्र लिखने का समय निश्चित कर लेना चाहिए अर्थात् प्रति-[illegible] कार्य करना चाहिए।

५. यन्त्र से पूर्व पानी से भरे कलश (घड़े) को अपने सामने स्थापित कर लेना चाहिए अथवा रात्रि में लिखना हो तो सामने दीपक जला लेना चाहिए।

६. यदि एक से अधिक संख्या में यन्त्र लिखने हों तो अन्तिम बार लिखे जाने वाले यन्त्र का विधिवत् पूजन करना चाहिए। जहाँ केवल एक ही यन्त्र लिखने का विधान हो, वहाँ पहले ही यन्त्र का विधिवत् पूजन करना चाहिए। यन्त्र पूजन में धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प आदि का होना आवश्यक है।

७. मुस्लिम-विधि में यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिखा जाता है। हिन्दू-विधि में यन्त्र लिखने के विभिन्न प्रकारों के विषय में पहले बताया जा चुका है।

८. मित्रता के लिये यन्त्र लिखना हो तो मुँह में मिश्री अथवा गाय का घी रखकर लिखना चाहिए तथा अगर-तगर, चन्दन चूरा, गूगल, मिश्री, गाय का घी, शहद, कपूर, दाल चीनी, जायफल तथा मेवा – इन सबको मिलाकर धूप देनी चाहिए।

९. मारण-उच्चाटन के लिए यन्त्र लिखना हो तो मुँह में मोम रख लेना चाहिए तथा उसी (मोम) की धूनी देनी चाहिये।

१०. यदि स्वप्न बन्द करने के लिए यन्त्र लिखना हो तो मुँह में केवल नमक रखना चाहिए तथा उसी (नमक) की धूनी देनी चाहिए।

११. यन्त्र लिखने वाले तथा साध्य-व्यक्ति की राशि का मिलान करके यन्त्र लिखना उचित है। यदि साधक की राशि 'आबी' तथा साध्य की 'आतशी' हो तो 'आबी' यन्त्र लिखना चाहिए। क्योंकि जल अग्नि से प्रबल होता है। इसी प्रकार साधक की राशि 'बादी' और साध्य की 'खाकी' हो तो 'बादी' यन्त्र लिखना चाहिए।

४ | कार्य-साधक एवं रोजी-दायक प्रयोग

इस प्रकरण में मनोकामना-पूरक, दरिद्रता नाशक, रोजी-दायक, कार्य-साधक तथा दूकान की बिक्री खोलने से सम्बन्धित कतिपय मुख्य प्रयोगों का उल्लेख किया जा रहा है।

इन प्रयोगों में 'अन्तिम से पूर्व के दो प्रयोग',—'कार्य साधन मन्त्र तथा 'मुसीबत टालने का मन्त्र,'—ये तीनों शुद्ध 'इस्लामी प्रयोग' न होकर लोक प्रचलित हैं, परन्तु इन्हें हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही प्रयोग में लाते हैं, अतः उनका उल्लेख भी साथ ही कर दिया गया है।

'मनोकामना पूरक यन्त्र' तथा 'रोजी मिलने का प्रयोग संख्या (४)' इन दोनों में पहले में केवल यन्त्र का साधन किया जाता है तथा दूसरे में यन्त्र तथा मन्त्र—दोनों की साधना की जाती है। शेष सभी प्रयोग केवल मन्त्र-साधन के हैं, अतः जिस प्रयोग के साथ जिस विधि का उल्लेख किया गया है, उसका यथोचित रूप में साधन करना चाहिए।

जैसा कि प्रथम प्रकरण में ही बताया जा चुका है कि किसी भी मुसलमानी मन्त्र का साधन करते समय सर्वप्रथम पूरी 'बिस्मिल्लाह' को पढ़ना आवश्यक है, तदुपरान्त मन्त्र के आरम्भ तथा अन्त में 'दरूद' पढ़ना भी निहायत जरूरी है। अतः इस नियम का पालन अवश्य करना चाहिए। 'बिस्मिल्लाह' तथा 'दरूद' पढ़ने की आवश्यकता का उल्लेख अधिकांश प्रयोगों में साथ ही कर दिया गया है, परन्तु जहाँ ऐसा निर्देश न हो, वहाँ भी इस नियम का पालन करना आवश्यकहै।

मनोकामना पूरक यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिखकर गूगल तथा लोबान की धूनी देने के बाद ताबीज में भरकर जिस व्यक्ति की बाँह में बाँध दिया जाता है, उसकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

इस यन्त्र को ताबीज में भरकर गले या भुजा में बाँधने से धन, यश तथा स्वास्थ्य का लाभ होता है एवं शत्रु मित्र बन जाता है।

इस यन्त्र को पानी में घोलकर रोगी-व्यक्ति को पिलाने से उसका रोग दूर हो जाता है।

टिप्पणी—किसी ग्रहण के समय इस यन्त्र को १०००० बार कागज पर लिखकर पूजन करने से यन्त्र सिद्ध हो जाता है। सिद्ध हो जाने के बाद ही इसे प्रयोग में लाना चाहिए।

हुसैनआला ३०	१२ ७२९३ २९	१६ ८९७ २	२९ ९११९४२५ ८	अलमुहम्मद फ[illegible]हुसैन
४१९१९४१ २३ ३	४९८ ९	४३०४ १५	७२९१ १६	९०० २३
७२ ८९ ११	८९५ १८	४२६२९९ १९ २३	४५६ ४	२३०७ १५
४५९	१३०५	४७९६	८९६	४२४१९९ १९४०
अस्करी मुहम्मद आला ८९९	५ २३४१९९ १९४	६ ४५७	१२ १३०८	मूसा काजम अली मूसा रजा मुहम्मद २७९.

४४

حسین آلہ	۱۲	۱۶	۲۹	ال محمد فاطمہ حسین
۳۰	۷۲۹۳ ۲۹	۸۹۷ ۲	۹۹۱۹۴۲۵ ۸	
۴۱۹۱۹۴۱ ۲۳ ۳	۴۹۸ ۹	۴۳۰۴ ۱۵	۷۲۹۱ ۱۶	۹۰۰ ۲۳
۷۲۸۹ ۱۱	۸۹۵ ۱۸	۴۲۶۲۹۹ ۱۹ ۲۳	۴۵۶ ۴	۲۳۰۷ ۱۵
۴۵۹	۱۳۰۵	۴۷۹۶	۸۹۶	۴۲۴۱۹۹ ۱۹۴۰
عسکری محمد آلہ	۵	۶	۱۲	موسیٰ کاظم علی موسیٰ رضا محمد
۸۹۹	۲۳۴۱۹۹ ۱۹۴	۴۵۷۴	۱۳۰۸	۴۷۹

۶۵

मनोकामना पूरक प्रयोग

सर्वप्रथम उर्दू के सवा पाव आटे में खमीर उठाकर तथा उसकी रोटी बनाकर उसे दो तह वाले एक सफेद रूमाल में रक्खें। फिर उसमें से चौथाई रोटी की जंगली झरबेरी के बराबर की १०१ गोलियाँ बनाकर प्रत्येक गोली को निम्नलिखित मन्त्र से ग्यारह-ग्यारह बार अभिमन्त्रित करें, तदुपरांत शेष रोटी सहित सभी गोलियों को किसी नदी में मछलियों को खाने के लिए डाल दें। इस प्रकार ४० दिन तक प्रयोग करने से साधक की सभी मनोकामनाएँ पूरी होती हैं तथा रोजी भी प्राप्त होती है।

मन्त्र—"या इस्राफ़ील बहक्क या अल्लाहो।"

उक्त मन्त्र के आरम्भ में एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' तथा आदि और अन्त में ७-७ बार 'दरूद' पढ़ना आवश्यक है।

दरिद्रता-नाशक प्रयोग

प्रातःकाल किसी से बातचीत करने से पूर्व, हाथ-मुँह धोकर एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़ने के बाद निम्नलिखित मन्त्र का १२०० बार जप करें—

मन्त्र—"या क़वीयो या ग़नीयो या मलीयो या बक़ीयो।"

इस मन्त्र के आदि तथा अन्त में २१-२१ बार 'दरूद' का पाठ भी अवश्य करना चाहिए।

इस प्रयोग को निरन्तर ४० दिनों तक करते रहने से दरिद्रता दूर होती है। यदि इस प्रयोग को प्रतिदिन किया जाय तो दरिद्रता से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है।

रोजी मिलने का प्रयोग (१)

रोजी मिलने के लिये सर्वप्रथम पहले एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर फिर नीचे लिखे मन्त्र को ७ दिनों तक, नित्य १००० की संख्या में जपना चाहिए। मन्त्र-जप के आरम्भ तथा अन्त में तीन-तीन बार 'दरूद' पढ़ना आवश्यक है।

मन्त्र—"या बुद्दूह या या हयियो या क़यियूमो या अल्लाहो या फ़रदो या बितरो या समदो या रहीमो या वारिसो या अहदो या लमयलिदो बलम युलद बलमयक़ुन लुहू कुफ़्वन अहद।"

उक्त मन्त्र के प्रयोग से रोजी प्राप्त होती है। जब रोजी मिलना आरम्भ हो जाय, तब नित्य १०८ बार इस मन्त्र का जप करते रहना आवश्यक है।

रोजी मिलने का प्रयोग (२)

रोजी तथा लाभ पाने के लिए आधी रात के समय सबसे पहले एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर, फिर नीचे लिखे मन्त्र को १००० बार पढ़ें—

'या ग़फ़ूरो'

उक्त मन्त्र को पढ़ने के पहले तथा बाद में २१ बार 'दरूद' पढ़ना भी आवश्यक है।

इक्कीस दिनों तक उक्त प्रयोग करने से लाभ तथा रोजी-प्राप्ति की सूरत दिखाई देने लगती है।

जब रोजी मिलने लगे तब इस मन्त्र का नित्य १०८ बार जप करते रहना चाहिए।

रोजी मिलने का प्रयोग (३)

मन्त्र— **"बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम या इस्राफील बहक्क या अल्लाहो अल्ला हुस्नसल्ला मुहम्मद नव धारक नसल्लम।"**

विधि—शुक्रवार या बृहस्पति वार से इस प्रयोग को आरम्भ करना चाहिये। सर्वप्रथम सवा पाव उर्द के आटे की दो रोटियाँ हाथ से बनाकर उन्हें एक सफेद रूमाल में रक्खें, फिर उन रोटियों से झरबेर के बराबर की १०१ गोलियाँ बनायें तथा उनमें से प्रत्येक गोली को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करें। तदुपरान्त उन गोलियों तथा शेष बची हुई रोटी को रूमाल में रखकर किसी नदी के किनारे पहुँचे और गोलियों को नदी की धारा में फेंक कर, शेष बची रोटी को टुकड़े-टुकड़े करके पक्षियों को खिला दें।

उक्त प्रयोग को ४० दिनों तक नित्य नियमित रूप से करते रहने पर रोजी प्राप्त होती है।

मन्त्र के आरम्भ में पहले एक बार पूरा 'बिस्मिल्लाह' तथा शुरू एवं आखीर में ७-७ बार 'दरूद' भी पढ़नी चाहिये।

रोजी मिलने का प्रयोग (४)

सर्व प्रथम महीने के पहले वृहस्पतिवार को सूर्योदय से पहले सफेद कागज पर नई स्याही से नीचे प्रदर्शित यन्त्र को लिखें—

६	४८	१८
३६	२४	१२
३०		४२

६६

٥	٤٨	١٨
·٣٥	٢٤	١٢
٣٠		٤٢

४०

इसके बाद किसी नदी या तालाब में नाभि के बराबर पानी में पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके खड़े हो जायें तथा एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर, नीचे लिखे मन्त्र को ४४४४ या ३३३३ बार पढ़ें—

मन्त्र—**"अजिबो या जिब्राईल बहक्क या बासितो।"**

उक्त मन्त्र के आदि तथा अन्त में ७१-७१ बार 'दरूद' पढ़नी चाहिए। दरूद का मन्त्र इस प्रकार है—

दरूद— **"अल्ला हुम्मासल्ले अल्ला मुहम्मदिन व अलआले मुहम्मदिन व बारिक वसल्लम्।"**

उक्त प्रकार से नित्य ७२ दिनों तक मन्त्र जप करते रहने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

यन्त्र को प्रतिदिन एक धागे में पिरोकर अपने घर के दरवाजे पर टाँग देना चाहिए और दूसरे दिन आटे में गोली बाँधकर, उस गोली को बूरे (चीनी) में लपेट कर यन्त्र को नदी में बहा देना चाहिए। ७२ दिन पीछे एक यन्त्र लिखकर ७२ मन्त्र जप लेने चाहिये। इस प्रयोग को आरम्भ करने के १० दिन बाद ही रोजी प्राप्त होने लगती है। ७२ दिन के बाद फकीरों को खाना खिला दें।

रोजी मिलने का प्रयोग (५)

नीचे प्रदर्शित 'या बुद्‌ूह यन्त्र' को किसी शुभ महीने के पहले वृहस्पतिवार को, ग्रहण के दिन अथवा दिवाली की रात को लिखना चाहिए।

पहले चमेली के तेल का दीपक जलाकर, उसके सामने सवा पाव मिठाई तथा सुगन्धित इत्र रखकर, लोबान की धूनी दें। फिर नीचे प्रदर्शित यन्त्र को १६ बार अंगुली द्वारा पृथ्वी पर लिखें। एक-एक यन्त्र लिखकर उस पर एक-एक बतासा तथा फूल चढ़ाकर यन्त्र को मिटाते जायें। यन्त्र लिखते समय 'या बुद्दूह' यह मन्त्र पढ़ते जायें।

बीसवें यन्त्र को सफेद कागज के ऊपर काली स्याही से लिखें तथा उस पर बची हुई मिठाई, फूल, इत्र आदि सबको चढ़ा दें। फिर दीपक की लौ के ऊपर यन्त्र को रखकर, लोबान की धूनी दें।

फिर एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर २१ बार 'दरूद' तथा ४० बार बड़ा मन्त्र पढ़ें। बड़ा मन्त्र इस प्रकार है—

"या जिब्राईल या दरदाईल या रफ्ताईल तन्काफील बहक्क या बुद्दूह।'

यन्त्र का स्वरूप यह होगा—

या बुद्दूह	या बुद्दूह	या बुद्दूह	या बुद्दूह
या बुद्दूह	६२ ल	६४ ल	या बुद्दूह
या बुद्दूह	६४ ल	६२ ल	या बुद्दूह
या बुद्दूह	या बुद्दूह	या बुद्दूह	या बुद्दूह

४८

फिर बीस हजार बार छोटा मन्त्र 'या बुद्दूह' पढ़ें, फिर ४० बार बड़ा मन्त्र तथा २१ बार 'दरूद' पढ़कर, यन्त्र को सोने अथवा चाँदी के ताबीज में भरकर दायें हाथ में बाँधें तथा प्रतिदिन ताबीज को लोबान की धूनी देकर, दो हजार बार 'या बुद्दूह' इस मन्त्र को पढ़ लिया करें तो बिना किसी सन्देह के रोजी प्राप्त होती है।

उदर पूर्ति के लिए इस यन्त्र को नित्य एक बार कागज पर लिख कर, उसका धूप-दीप, नैवेद्य, फूल आदि से पूजन कर उस पर दृष्टि जमाये [illegible] १००१ बार पूर्वोक्त मन्त्र का जप करें तो रोजी खुल जाती है तथा उदर-पूर्ति होती है।

يا بدوح	يا بدوح	يا بدوح	يا بدوح
يا بدوح	۵۲ ل	۵۸ ل	يا بدوح
يا بدوح	۵۸ ل	۵۲ ل	يا بدوح
يا بدوح	يا بدوح	يا بدوح	يا بدوح

४६

दरिद्रता-नाशक ७८६ का यन्त्र प्रयोग

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिखें। यन्त्र के सबसे ऊपरी हिस्से में 'बिस्मिल्लाह' लिखें, इस यन्त्र का पूजन आदि पूर्वोक्त 'या बुद्दूह, यन्त्र की भाँति ही करें।

यन्त्र का स्वरूप इस प्रकार बनेगा—

१९८	२०२	२०५	१९१
२०४	१९२	१९७	२०३
१९३	२०७	२००	१९६
२०१	१९५	२९४	२०६

५०

۱۹۸	۲۰۲	۳۰۵	۱۹۱
۲۰۹	۱۹۲	۱۹۷	۲۰۳
۱۹۳	۲۰۸	۲۰۰	۱۹۹
۲۰۱	۱۹۵	۲۹۴	۲۰۶

५१

यन्त्र लेखनोपरान्त पहले एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़ें, फिर १००१ बार निम्नलिखित मन्त्र को पढ़ें—

"या अल्लाहो या रहमानो या रहीमो या हैयो या कैयूमो ।"

इस मन्त्र के आदि तथा अन्त में ग्यारह-ग्यारह बार 'दरूद' पढ़ें। तत्पश्चात् यन्त्र को सोने या चाँदी के ताबीज में मढ़वाकर अपनी दाँई भुजा में धारण कर लें। साथ ही प्रति दिन प्रातःकाल यन्त्र को लोबान की धूनी अवश्य देते रहें।

इस प्रयोग से रोजी प्राप्त होने लगती है तथा दरिद्रता दूर हो जाती है।

मुसीबत टालने का मंत्र

मन्त्र— "शेख फरीद की कामरी और अँधियारी निसि।
[illegible] आग ओला-पानी बिस ॥

विधि—यदि रास्ते में आग लग पाय या पानी बरसने लगे या ओले पड़ें या किसी के द्वारा जहर देने का भय हो तो इस मन्त्र को तीन बार पढ़कर ताली बजाने से मुसीबत टल जाती है।

दूकान की बिक्री खोलने का यन्त्र

यदि किसी ने जादू-टोना अथवा तांत्रिक प्रयोग करके दूकान की बिक्री बन्द कर दी हो तो निम्नलिखित यन्त्र का साधन करने से बिक्री खुल जाती है तथा माल खूब बिकने लगता है।

विधि—शुक्ल पक्ष के पहले वृहस्पतिवार को कूर्म चक्र की रीति से आसन पर बैठकर ऊपर प्रदर्शित यन्त्र को कागज के ऊपर स्याही से ७ बार लिखें। फिर यन्त्र पर फूल रखकर लोबान की धूनी दें, तदुपरांत एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर ११ बार 'दरूद' पढ़ें, फिर निम्नलिखित मन्त्र को १०१ बार पढ़ें—

मन्त्र— "बिर्रिज्कुलफत्तह दूकान फलाने की बिसुतन फलाने का जारीगर्दी बहक्क या फत्ताहो या बासितो।"

उक्त मन्त्र को १०१ बार पढ़ने के बाद फिर ११ बार 'दरूद' पढ़ें। प्रतिदिन आखिर में लिखे हुये एक मन्त्र का फलीता बनाकर उसे मीठे तेल के दीपक में, दूकान में ७ दिन तक जलायें तो दूकान की बिक्री खुल जाती है।

विशेष—यन्त्र के नीचे उक्त मन्त्र को लिखना भी आवश्यक है। यन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

८२४	८२७	८३०	८१६
८२९	८१७	८२३	८२८
८१८	८२३	८२५	८२२
८२६	८२१	८१९	८३१

४२

۸۲۹	۸۲۶	۸۳۰	۸۱۴
۸۲۹	۸۱۶	۸۲۳	۸۲۸
۸۱۸	۸۲۳	۸۲۵	۸۲۲
۸۲۴	۸۲۱	۸۱۹	۸۳۱

४३

कार्य-साधन मन्त्र (१)

मन्त्र—"ओम् नमो सात समुद्र के बीच शिला जिस पर सुलेमान पैगम्बर बैठा, सुलेमान पैगम्बर के चारों दिक चार मवक्किल तारिया, सारिया, जारिया, जमारिया, एक मवक्किल पूरब को धाया, देव-दानवों को बाँधि लाया, दूसरा मवक्किल पश्चिम को धाया भूत-प्रेत को बाँधि लाया, तीसरा मवक्किल उत्तर को धाया अऊत-पितर को बाँधि लाया, चौथा मवक्किल दक्खिन को धाया डाकिनी शाकिनी को पकड़ लाया। चार चार मवक्किल चहुँ दिशि धावे, छल-छिद्र कोऊ रहन न पावे, रोग दोष सब दूर बहावे। शब्द साँचा पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वरोवाचा।"

 आधी रात के समय चारों कोनों में गाड़ दें, फिर धूप-दीप देकर १०८ बार उक्त मन्त्र को जपें तो इच्छित-कार्य सिद्ध होता है। पहले इस मन्त्र को ग्रहण, दिवाली या होली की रात में एक लाख की संख्या में जप कर सिद्ध कर लेना चाहिए।

कार्य-साधन मन्त्र (२)

मन्त्र—"ओम् नमो बिस्मिल्लाहि रहिमान रहीम गजनी सों चला मुहम्मदा पीर, चला चला सवासेर का तोला खाय, अस्सी कोस का धावा जाय, सफेद घोड़ा सफेद पलान, जापै चढ़ा मुहम्मदा ज्वान, नौ सौ कुत्तक आगे चलें, कुत्तक पीछे चलें, काँधा पीछे भारत डाला, ध्याया चलै चालि-चालि रे मुहम्मदा पीर, तेरे सम नहीं कोई बीर, हमारे चोर को ल्याव, सात समुद्र की खाई सों ल्याव, ब्रह्मा के वेद सों ल्याव, काजी की कुरान सों ल्याव, अठारह पुराण सों ल्याव, जाव जाव जहाँ होय तहाँ सों गढ़ा सों पर्वत सों कोट सों किला सों ल्याव, मुहल्ला गली सों ल्याव, कूँचा चौराहा सों ल्याव, श्वेत खाना सों ल्याव, बारह आभूषन सोलह सिंगार सों ल्याव, काजल कजरौटा सों ल्याव, मढ़ी की मीढ़ सों, हाट-बाजार सों ल्याव, खाट सों, पाया सों, नौ नाड़ी बहत्तर कोठा की घूमती बलाय सों ल्याव, हाजिर करौ, हाड़-हाड़ चाम-चाम निख-सिख रोम-रोम सों ल्याव, रे ताहया सिलार जिन्द पीर मारती पीटती तोड़ती पछाड़ती हाथ हथकड़ी पाँव बेड़ी गला में तीक उल्टा कब्जा चढ़ाय मुख बुलाय सीम खिलाय कैसे कैसे हू ल्याव, बिन लिये मत आव, ओम् नमो आदेस गुरू को।"

विधि—रात के समय गोबर का चौका लगाकर धूप-दीप, चन्दन, माला तथा नैवेद्य चढ़ाकर, सवा सेर मोहन भोग का भोग लगाकर, इस मन्त्र को १०८ बार जपा जाय तो सिद्ध हो जाता है।

जब किसी काम को सिद्ध करना हो उस समय इस मन्त्र को पढ़कर उड़द को मस्तक पर रक्खें तो कार्य सिद्ध होता है। इस मन्त्र से भूत-प्रेत आदि को भी दूर किया जा सकता है।

पीर का क़लमा

मन्त्र—"या जरव्वाजखिज्र मैं तेरा इलियास लिल्लामकादिल चित्त मेरे पास।"

विधि—कुएँ के ठाणे पर रात्रि के समय एकान्त-स्थान में लोबान की धूप देते हुए इस मन्त्र को उल्टी माला पर १०८ बार पढ़ने से २१ दिन के भीतर पीर प्रत्यक्ष आकर प्रश्न का उत्तर देता है।

---

५ | भूत, प्रेतादि दोष-निवारक प्रयोग

[illegible] आदि के अस्तित्व के विषय में हिन्दुओं की मान्यता तो है ही, मुसलमानों में भी जिन, परी, खईस आदि के रूप में इनका अस्तित्व स्वीकारा जाता है तथा इनके द्वारा किसी स्त्री-पुरुष को परेशान किये जाने पर गण्डे, तावीज तथा यन्त्र-मन्त्रादि के प्रयोग किये जाते हैं।

इस प्रकरण में भूत-प्रेत, जिन, परी आदि के प्रकोप से मुक्ति दिलाने वाले कतिपय प्रयोगों का उल्लेख किया जा रहा है। इनमें से सभी प्रयोग ऐसे हैं, जो हिन्दू तथा मुसलमान दोनों समुदायों में प्रचलित हैं। इन प्रयोगों के कुछ मन्त्रों में 'मुहम्मदावीर' का नाम है, वहीं कुछ का प्रारम्भ 'ओम्' या 'ओम् नमो आदेश गुरू को' इस वाक्य के साथ हुआ है। कुछ के अन्त में 'फुरोमन्त्र ईश्वरोवाचा' वाक्य भी आता है। परन्तु ये सभी मन्त्र-यन्त्र प्रभावशाली हैं तथा हिन्दू एवं मुसलमान दोनों ही द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, अतः उन्हें इस प्रकरण में स्थान दिया गया है।

यन्त्रों का प्रयोग करने से पूर्व यह आवश्यक है कि उन्हें किसी ग्रहण के अवसर पर १००८ की संख्या में काली स्याही द्वारा सफेद कागज पर लिखकर पूजनादि के द्वारा सिद्ध कर लिया जाय, तदुपरांत आवश्यकता के समय प्रयोग में लिया जाय। मन्त्र-प्रयोग एवं साधन के विषय में जहाँ जैसा निर्देश है, तदनुरूप ही कार्य करना चाहिए।

बच्चों के लिए आरामदायक गंडा देने का मन्त्र

मन्त्र—"बंध तो बंध मौला मुर्त्तजा अली का बंध, कीड़े और मकोड़े का बंध, ताप और तिजारी का बंध, जूड़ी और बुखार का बंध, नजर और गुजर का बंध, दीठ और मूठ का बंध, कीये और कराये का बंध, भेजे और भिजाये का बंध, नावत पर हाथन का बंधन बंध तो बांध मौला मुर्त्तजा अली का बंध, राह और बाट का बंध, जमीन और आसमान का बंध, घर और बाहर का

बंध, पवन और पानी का बंध, कूवा और पनिहारी का बंध, लौह और कलम का बंध, बंध तो बंध मौला मुर्त्तजा अली का बंध।"

विधि—रोगी को एड़ी से चोटी तक डोरे से नापकर, इस मन्त्र द्वारा उसमें ७ गाँठ लगायें तथा सवा पाव मिठाई मंगाकर मुर्त्तजा अली के नाम से बालकों को बाँट दें। फिर गंडे को लोबान को धूनी देकर रोगी-बालक के गले में बाँध दें।

प्रत्येक गण्डे को इसी विधि से बाँधना चाहिए।

भूतादि दोष-निवारण यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को काली स्याही से सफेद कागज पर लिखकर तथा लोबान की धूप देकर बालक के गले में बाँध देने से भूत-प्रेत आदि के दोष दूर हो जाते हैं।

या कर्माईल	२	या जिब्राईल
३	१०	७
या दरदाईल	८	या तिनको फ़ाईल

२४

یا کرمائیل	۲	یا جبرائیل
۳	۱۰	۷
یا دردائیل	۸	یا تنکوفائل

२५

भूतादि दोष-निवारक फ़लीता

नीचे प्रदर्शित यन्त्र का फ़लीता बनाकर भूतादि ग्रस्त रोगी की नाक में धूनी देने से भूत-प्रेत आदि भाग जाते हैं।

इस यन्त्र में जहाँ 'फलाना-फलानी के बेटा' लिखा है, वहाँ भूत-ग्रस्त रोगी के माता-पिता का नाम लिखना चाहिए।

२६

भूत-जिन उतारने का यन्त्र

१२	११
३	३

۱۲	۱۱
۳	۳

पिछले पृष्ठ पर प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज के ऊपर काली स्याही से लिखकर, फ़लीता बनायें तथा उसमें राई भरकर जलायें एवं रोगी को नाक में धूनी दें तो भूत-जिन आदि उतर जाते हैं।

प्रेत निवारण यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को भोजपत्र के ऊपर केसर के द्वारा लिखकर बत्ती बना लें, फिर उसे दीपक में डालकर रोगी के सामने जलायें तो प्रेत उतर जाता है।

प्रेत निवारण-यन्त्र का स्वरूप हिन्दी तथा उर्दू भाषा में आगे के चित्रों में दिखाये अनुसार समझ लेना चाहिए—

(प्रेत निवारण-यन्त्र, हिन्दी)

(प्रेत निवारण-यन्त्र, उर्दू)

भूतादि दोष-निवारण यंत्र

अगले पृष्ठ पर प्रदर्शित यन्त्र अब्दुल क़ादर जीलानी को सलाम करके सफेद कागज के ऊपर केसर से लिखना चाहिए।

यन्त्र में ऊपर अथवा नीचे भूत-प्रेतादि से ग्रस्त रोगी का नाम भी लिखना चाहिए। यन्त्र में जहाँ 'फलाने' शब्द आया है, वहाँ भी रोगी का नाम लिखना चाहिए।

या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत

११	१४	१	८
४	५	१०	१५
६	३	१६	९
१३	१२	७	२

या हू या हू या हू या हू या हू या हू या हू

या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत या वसत

बहक्क या जिब्राईल
या मीकाईल या इस्राफील या इज्राईल
जो कोई फलाने की देही को दुःख
दे रहा है, उसे इस फ़लीता से जला दीजिए
नाम

(भूतादि दोष-निवारण यन्त्र, हिन्दी)

लेखनोपरांत यन्त्र पर पान-फूल चढ़ायें तथा धूप-दीप देकर पूजा करें, फिर उसे एक नये सफेद कपड़े में लपेट कर बत्ती बना लें तथा दीपक में चमेली का तेल भरकर उसमें वह बत्ती डालकर पोता मिट्टी द्वारा लीपे गए पवित्र स्थान पर रखें।

दीपक के सामने फूल तथा मिठाई भी रक्खें। जब दीपक जल जा[ए] तब भूत ग्रस्त रोगी को अपनी निगाह दीपक की लौ पर जमाने के लि[ए] कहें। इस प्रयोग से भूतादि दूर भाग जाते हैं।

(भूतादि दोष-निवारण यन्त्र, उर्दू)

परियों का खलल दूर करने का मंत्र

मन्त्र—"ओम् महकूब कूबमह विमलमह बड़ी मड़ी में चार दे[व] कौण-कौण अहंकार महंकार मुहम्मदा वीर ताइया सिलार बजा[ऊं] ख्वाजे मुअय्युद्दीन तुम्हारी खुशबोई में चढ़ी कमाण सुलैमान प[री] लंक परी को हुकम कीजै कौन कौन परी स्याह परी सबज परी ह[रि]

परी अर्श कुर्स की लाऊली बीबी फातमा कीली कीली आयना पाना फत्र आय लेना सवा सेर शर्बत का प्याला आप ले आप हाजिर होना मीर मुहीमुद्दीन मखदूम जहानी या शेख सरफ अहिया पठाण आप हाजिर न हो तो रोज कयामत के दामनगीर हूँगा।'

विधि—प्रयोग की जगह को अच्छी तरह से झाड़कर, वहाँ आटे का [...] पान का बीड़ा लेकर तथा शर्बत का कच्चा प्याला भरकर, जिस रोगी पर परियों का खलल हो, उसे चौराहे पर खड़ा करके, इन वस्तुओं का उतारा करके मन्त्र से १५ बार झाड़ा दें, फिर सब वस्तुओं को कुएँ की मेंड़ पर रख आयें तो परियों का खलल दूर हो जाता है।

इस प्रयोग को करने के लिये आते-जाते समय बोलना नहीं चाहिए।

भूत वगैरह का गण्डा

मन्त्र—"ओम् नमो आदेश गुरू को लड़गड़ी सों मुहम्मद पठाण चढ़या श्वेत घोड़ा श्वेत पलाण भूत बांधि प्रेत बांधि काचिया मसाण बाँधि चौंसठ जोगिनी बांधि अड़सठ स्याना बांधि, बांधि, बांधि रे चोखी तुरकिनी का पूत बेगि बांधि जोतू न बांधे तो अपनी माता की सैया पर पांव धरे, मेरी भक्ति गुरू की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाचा।"

विधि—पांच पैसे की (अब सवा रुपये की) मिठाई तथा दीपक को सामने रखकर लोबान की धूनी दे तथा रोगी की चोटी से लेकर एड़ी तक एक सतलड़ा डोर को नापकर, उक्त मन्त्र को पढ़ते हुए उसमें २१ गाँठें लगायें। फिर उसे रोगी के गले में बाँध दें। इस गण्डे को धारण करने से भूत-प्रेतादि का दोष दूर हो जाता है।

मुहम्मदापीर का मंत्र

मन्त्र—"ओम् नमो हाकान्त जुगराज फाटंत काया जिस कारण जुगराज में तोकों ध्याया, हंकारत जुगराज आया घारंत आया, सिर के फूल बखेरत आया, और की चौकी उठावन्त आया, आपकी चौकी बैठावंत आया, और का किवाड़ तोड़ता

आया, आपका किवाड़ भेड़ता आया, बाँधि बाँधि किसको बाँधि, भूत को बाँधि प्रेत को बांधि, देव-दानव को बांधि, उड़न्त गड़ंत योगिनी को बांधि, चौर-चिरणागार को बांधि, तिरसठ कलुवा को बांधि, चौसठ जोगिनी को बांधि, बावन वीर को बांधि, आकाश की परियों को बांधि, डाकिनी-शाकिनी को बांधि, चेटक को बांधि, छल को बांधि, विद्र को बांधि, द्वार को बांधि, हाट को बांधि, [illegible] बांधि, गिरारे को बांधि, किया को बांधि, कराये को बांधि, अपनी को बाँधि, पराई को बाँधि, लीली को बाँधि, पीली को बाँधि, स्याह को बाँधि, सफेद को बाँधि, लाली को बाँधि, बाँधि २ रे गढ़ गजनी के मुहम्मदापीर चलै तेरे संग सत्तर सौ बीर, जो बिसरि जाय तौ सौ राजा हलाल जाय, उल्टी मार, पछाड़ मार, धाड़ मार, कजा चढ़ाय, मुड़िया हलाय, शीश खिलाय, शब्द साँचा पिंड काँचा फुरो मंत्र ईश्वरोवाचा।"

विधि—किसी ग्रहण की रात में इस मन्त्र को १००८ की संख्या में जपे तथा मांस-मदिरा का भोग लगायें तो मुहम्मदापीर आकर उपस्थित होता है और प्रार्थना करने पर भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी आदि को भगा देता है।

आफ़त दूर करने (दिग्बन्धन) का मन्त्र

मन्त्र—"याहि सार सार जिन्न देव परी जबर कुफार एक खाई दूसरी गिर्द पसार गिर्द बगिर्द मलायक असवार दायें दस्त रखे जिब्राईल, बाँये दस्त रखे मीकाईल, पीठ रखे इस्राफील, पेट रखे इज्राईल, दस्त चपटसन दस्त रास्त हुसैन पेशवा मुहम्मद गिर्द बगिर्द अली ला इलाह कोट इल्लिल्लाह की खाई हजरत अली की चौकी बैठी मुहम्मद रसूलिल्लाह की दुहाई।"

विधि—इस मन्त्र को ७ बार पढ़ कर चारों ओर हाथ फिराकर चुटकी बजाने से दिशा-बन्धन होता है अर्थात् सब ओर की आफतें दूर होती हैं। इस मन्त्र को पढ़कर अपने चारों ओर लकीर खींचकर उसके घेरे में बैठने अथवा सोने से देह-रक्षा होती है। मसान आदि का प्रकोप होने पर इस मन्त्र का उच्चारण करने से संकट दूर हो जाता है।

---

६ | मोहन एवं वशीकरण प्रयोग

मोहन तथा वशीकरण

मोहन, आकर्षण तथा वशीकरण—इन सभी का उद्देश्य किसी अन्य व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित कर, उसके द्वारा इच्छित अभिलाषा की पूर्ति करना है।

आकर्षण तथा वशीकरण के प्रयोग प्रायः सभी धर्म-सम्प्रदायों में पाये जाते हैं। हिन्दू तांत्रिकों के अतिरिक्त मुस्लिम-तांत्रिक भी इन प्रयोगों को अमल में लाते हैं।

प्रस्तुत प्रकरण में मोहन तथा वशीकरण सम्बन्धी कतिपय विशिष्ट प्रयोगों का उल्लेख किया जा रहा है। इनमें से कुछ विशुद्ध मुस्लिम मत के हैं और कुछ ऐसे हैं, जिनका प्रयोग हिन्दू तथा मुसलमान—दोनों मतों के तन्त्रज्ञों द्वारा समान रूप से किया जाता है।

मोहन तथा वशीकरण सम्बन्धी प्रयोगों का दुरुपयोग न किया जाय, इस सम्बन्ध में सदैव सतर्क रहने की आवश्यकता है। मात्र वासना-पूर्ति के उद्देश्य से इन साधनों का प्रयोग हर्गिज नहीं करना चाहिये, अन्यथा परिणाम हानिकारक भी सिद्ध हो सकता है। पतिव्रता स्त्रियों, क्वारी-कन्याओं तथा सच्चरित्र महिलाओं अथवा पुरुषों पर इनका वासनाजन्य दुर्भावनापूर्ण प्रयोग स्वयं के लिये अहितकर सिद्ध होगा।

प्रत्येक प्रयोग के साथ जैसा निर्देश दिया गया है, उसी के अनुसार साधन करने से सफलता-प्राप्ति सम्भव होती है।

स्त्री-वशीकरण कारक यन्त्र-तन्त्र

विधि—चाँद की पहली अथवा दूसरी तारीख को एक कौए को पकड़कर पिंजड़े में बन्द कर दें और उसे सामान्य दाना-पानी देते रहें। फिर जब शनिवार आये, तब उस दिन किसी एकांत तथा शांत कमरे में बैठकर निम्नलिखित प्रयोग करें—

सर्वप्रथम गीली मट्टी से एक नया दीपक बनाकर उसमें तिल का

तेल भरकर रक्खें, फिर एक सफ़ेद कागज के ऊपर काली स्याही से नीचे प्रदर्शित यन्त्र लिखें—

९ काला कलवा	२२ जो न लावे	१९ खड़ीको दौड़ा	१६ लाव फलानी
२० हाल लाव	२५ कलवा वीर	१० काली रात	३१ फिलहाल लाव
१४ तन मुझ लागे सारी रात	१८ बैठी को उठा लाव	६ सेज पर पग धरे	११ काला भेजूं
२३ तो सगी बहिन भांजी के	१२ आधी रात	१३ जब वह आवे आधी रात	५ सोती को जगा लाव

६४

۹ کالا کلوا	۲۲ جو نہ لاوے	۱۹ کھڑی کو دوڑا لاوے	۱۶ فلانی کو
۲۰ حال لاوے	۱۵ کلوا بیر	۱۰ کالی رات	۳۱ فلحال لاوے
۱۴ تن مجھ لاگے ساری رات	۱۸ بیٹھی کو اٹھا لاوے	۶ سیج پر پگ دھرے	۱۱ کالا بھیجوں
۲۳ تو سگی بہن بھانجی کے	۱۲ آدھی رات	۱۳ جب وہ آئے آدھی رات	۵ سوتی کو جگا لاوے

६५

यन्त्र लिखकर कागज को लपेटकर बत्ती जैसा बना लें। फिर कागज की उस बत्ती के चारों ओर सफेद रुई से लपेटकर, उसे बत्ती की भाँति बँट दें। इस प्रकार लिपटी हुई रुई से जो बत्ती तैयार हो, उसे पूर्वोक्त तेल से भरे हुये दीपक में डाल दें। फिर कौए को पिंजड़े के ठीक बीचों-बीच लाकर, उक्त दीपक को पिंजड़े के ऊपर रखकर जला दें। फिर स्वयं पिंजड़े के सामने बैठकर निम्नलिखित मन्त्र को उच्च स्वर से ४१ बार पढ़ें—

मन्त्र—"काला कलवा आधी रात।
काला भेजूँ आधी रात॥
जब वह आवे आधी रात।
तन मुझ लागे सारी रात॥
[illegible] अमुक को लाव।
बैरी को उठा लाव॥
सोती को जगा लाव।
खड़ी को दौड़ा लाव॥
हाल लाव फिलहाल लाव।
जो न लावे तो सगी बहिन।
भाँजी के सिर पर पग धरे॥"

जब मन्त्र जप की संख्या ४१ पूरी हो जाय, तब दीपक की बत्ती को थोड़ा-थोड़ा बढ़ाकर सारे तेल का सफाया कर दें तथा दीपक को पिंजड़े के ऊपर से उठाकर, सावधानी पूर्वक अलग रख दें।

दूसरे दिन प्रातःकाल जंगल में जाकर उस दीपक को पृथ्वी के भीतर कहीं गाड़ दें तथा दूसरे दिन नया दीपक बनाकर पूर्वोक्त सभी क्रियाओं को दुहरायें। इस प्रकार २१ दिन तक सभी क्रियाओं को दुहराते रहें तथा दीपकों को प्रतिदिन जंगल में दबा आया करें।

इक्कीस दिन का प्रयोग पूरा हो जाने पर एक अन्य यन्त्र कागज पर लिखें तथा यन्त्र को पिंजड़े में बन्द कौए के दांये पाँव में बांध दें तथा रात्रि को १२ बजे बाद, उस कौए को उसी स्थान पर ले जाकर छोड़ दें, जहाँ से कि उसे पकड़ा था। कौए को छोड़ने के बाद मुँह को पीछे घुमाये बिना अर्थात् रास्ते में कहीं भी मुड़कर पीछे की ओर न देखते हुए, सीधे अपने घर चले आयें तथा बिस्तर पर पहुँचकर सो जायें।

उक्त प्रयोग की समाप्ति के एक सप्ताह के भीतर ही अभिलषित स्त्री कैसी भी पत्थर-दिल क्यों न हो, आकर्षित होकर स्वयं ही साधक के पास चली आती है।

टिप्पणी—पूर्वोक्त मन्त्र में जहाँ 'अमुक' शब्द आया है, वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए तथा यन्त्र में भी 'अमुक' शब्द के स्थान पर साध्य-स्त्री के नाम को लिखना चाहिए।

वशीकरण यन्त्र (१)

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफ़ेद कागज पर काली स्याही से लिखकर उसका फलीता बनायें, फिर उसे लोबान की धूप देकर, एक कोरे दीपक में रोगन चमेली (चमेली का तेल) भरकर, उसमें फलीता को डालकर जलायें। यन्त्र में जिस जगह 'माशूका' और उसकी माँ का नाम' लिखा है, वहाँ साध्य-स्त्री तथा उसकी माता के नामों को लिखना चाहिए।

यन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

७८६

३५२१	३५१८	३५१५
३५१६	माशूका और उसकी माँ का नाम	३५२०
३५१९	३५१४	३५१७

६६

۷۸۶

٣٥٢١	٣٥١٨	٣٥١٥
٣٥١٤	ماشوقہ اور اس کی ماں	٣٥٢٠
٣٥١٩	٣٥١٢	٣٥١٧

६७

उक्त प्रयोग लगातार ११ दिन तक नित्य करते रहने से मनोभिलाषा पूर्ण होती है।

वशीकरण यन्त्र (२)

नीचे पृष्ठ पर प्रदर्शित यन्त्र को सफ़ेद कागज पर काली स्याही से लिखकर, फलीता बना लें। फिर एक कोरे शकोरे में रोगन कुरंज भरकर उसमें फलीता [illegible] जलायें। जिस व्यक्ति को वश में करना

७८६

११	८	१	१०
२	१३	१२	७
१९	३	६	९
५	१०	१५	४०

६८

۷۸۶

١١	٨	١	١٠
٢	١٣	١٢	٧
١٩	٣	٤	٩
٥	١٠	١٥	٢٠

६९

हो, दीपक का मुंह उसके घर की ओर रखना चाहिए। ११ दिनों तक नियमित प्रयोग करने से मनोकामना पूर्ण होती है तथा अभिलषित-व्यक्ति (स्त्री या पुरुष) साधक के पास स्वयं चला आता है।

प्रेमिका-वशीकरण यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिख कर फलीता बना लें तथा उसे कोरे शकोरे में कुरंज का रोगन भरकर, पूर्वोक्त विधि से जलाकर प्रयोग करें। ११ दिन तक नियमित प्रयोग करते रहने से मनोभिलाषा पूर्ण होती है।

५८२४२	५८२४२	५८२४०
५८२४४	५८२४२	५८२४६
५८२४९	५८२४७	५८२४५

६०

۵۸۲۶۲	۵۸۳۶۲	۵۸۲۵۰
۵۸۲۶۶	۵۸۲۵۲	۵۸۲۶۴
۵۸۲۶۹	۵۸۲۶۷	۵۸۲۶۵

६२

पति-वशीकरण यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को प्रातःकाल सफेद कागज पर काली स्याही से अथवा भोजपत्र पर केसर से लिखकर, धूप या लोबान की धूनी दें। फिर उस यन्त्र को पृथ्वी में गाढ़ दें तो जब तक यन्त्र जमीन में गड़ा रहेगा, तब तक पति अपनी पत्नी के वशीभूत बना रहेगा।

यह प्रयोग पत्नियों (स्त्रियों) को अपने पति को वशीभूत रखने के लिए करना चाहिए।

८	३	४	अल डुब फतां	६	७	२
१	५	९	वन फला अला डुब	१	५	९
६	७	२	फलावन कलां	८	३	४

६२

۸	۳	۴	ال حبب فتح	۶	۷	۲
۱	۵	۹	ون فلاح الله حبب	۱	۵	۹
۶	۷	۲	فلاں ون فلاں	۸	۳	۴

६३

---

७ | विविध कार्य-साधन प्रयोग

दुश्मन को जूती मारने का तन्त्र

किसी निकृष्ट महीने के आखिरी मंगलवार को, फौलाद की छुरी से, कच्ची ईंट के ऊपर एक ओर नीचे प्रदर्शित यन्त्र को लिखें तथा उसी ईंट के दूसरी ओर सिर्फ दुश्मन का नाम लिखें।

यन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

द	स	म	म	म	ल	व	ह	अ
ह	द	य	ज	य	फ	ब	च	ह
ल	अ	त	ल	अ	म	ह	ह	त
अ	र	म	अ	द	व	ह	ल	त
अ	द	अ	र	अ	म	य	ल	ख
य	स	व	स	क	अ	म	व	ह
ल	अ	म	ह	न	अ	य	न	ग
अ	अ	म	ब	त	ब	व	ह	ल
य	ब	अ	अ	द	य	त	व	त

७४

उक्त यन्त्र को लिखने के बाद एक बार 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर ४१ बार 'दरूद' पढ़ें, फिर १००० बार निम्नलिखित मन्त्र को पढ़ें—

मन्त्र—"या कह हारो या इतराइलो या दौराइलो या अम वाकिलो फलाने के सारे जिस्म और मुँह को मेरी जूती की चोट से घायल करो बहक्क या कह हारो।"

ا	ح	ب	ل	م	م	م	س	د
ح	چ	و	ف	ے	ج	ے	د	ح
ت	ح	ح	م	ا	ل	ت	ا	ل
[illegible]	ا	ح	[illegible]	د	ا	م	ر	ا
خ	ل	ے	م	ا	ر	ا	د	ا
ح	و	م	ا	ک	س	و	س	ے
گ	ن	ے	ا	ن	ح	م	ا	ل
ل	ح	و	ب	ت	ب	م	ا	ا
ت	و	ت	ے	د	ا	ا	ب	ے

७५

मन्त्र के जप के अन्त में पुनः ४१ बार 'दरूद' को पढ़ना चाहिए।

उक्त विधि से दस दिनों तक नित्य १००० की संख्या में मन्त्र का जप करें, परन्तु हर १०० बार मन्त्र को पढ़ने के बाद शत्रु का नाम लिखे हुए एक कागज पर ५ बार जूती अवश्य मारनी चाहिए। मन्त्र जप करते समय यन्त्र लिखित ईंट को अपने सामने रखना चाहिये तथा तेल का चिराग भी जलाये रखना चाहिए।

आखिरी अर्थात् दसवें दिन जब मन्त्र का जप पूरा हो जाय, तब आधी रात के समय यन्त्र-लिखित ईंट के सामने असली घी का चिराग जलाकर उस पर फूल, इत्र तथा मिठाई चढ़ावें, फिर मन्त्र का जप शुरू करें तथा हर बार १०० मन्त्र जपने के बाद ईंट के जिस ओर शत्रु का नाम लिखा हो, उस पर पाँच-पाँच जूतियाँ मारते जायें।

इस प्रयोग से शत्रु के ऊपर जूते पड़ते हैं तथा उसे कष्ट प्राप्त होता है।

जिह्वा-स्तम्भन मन्त्र

मन्त्र—"अलफ अलफ अलफ दुश्मन के मुँह में कुलफ मेरे हाथ कुंजी रूपा तेरे कर दुश्मन जेर कर।"

विधि—शनिवार के दिन से आरम्भ करके ७ दिन तक एक घी का दीपक जलाकर एक कागज के टुकड़े पर इस मन्त्र को लिखें, फिर उस पर फूल माला, फल तथा बतासा चढ़ायें, तुदुपरांत उस कागज के १० टुकड़े करके, प्रत्येक टुकड़े को मन्त्र से अभिमन्त्रित करके अग्नि में डालते जायें तो ता मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर हाकिम के सामने १०८ बार मन्त्र पढ़कर बात करे तथा दुश्मन की ओर फूंक मारे तो दुश्मन का बोल न निकल सके। किसी अर्जी पर १०८ बार मन्त्र पढ़कर फूंक मारे और उसे लोबान की धूनी देकर हाकिम के हाथ में दे दें तो मनोरथ पूरा हो।

शत्रुनाशक प्रयोग

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिखकर फलीता बनायें। फिर एक कोरे शकोरे से रोगन तल्ख़ (सरसों का तेल वग़ैरह) भरकर, उसमें फलीते को डालकर जलायें। दीपक का मुँह शत्रु के घर की ओर रहना चाहिए।

१६५६१८	१६५६२१	१६५६२५	१६५६११
१६५६२४	१६५६१२	१६५६१७	१६५६२२
१६५६१३	१६५६२७	१६५६१९	१६५६१६
१६५६४०	१६५६१५	१६५६१४	१६५६२६

७६

उक्त प्रयोग को २१ दिनों तक लगातार करते रहने से शत्रु का नाश हो जाता है।

١٤٥٤١٨	١٤٥٤٢١	١٤٥٤٢٥	١٤٥٤١١
١٤٥٤٢٩	١٤٥٤١٢	١٤٥٤١٦	١٤٥٤٢٢
١٤٥٤١٣	١٤٥٤٢٦	١٤٥٤١٩	١٤٥٤١٤
١٤٥٤٩١	١٤٥٤١٥	١٤٥٤١٩	١٤٥٤٢٤

७७

कैदी को छुड़ाने का प्रयोग

यदि कोई आदमी कैद (जेलखाने आदि) में पड़ा हो तो उसे छुड़ाने के लिए निम्नलिखित प्रयोग करना चाहिए—

७८६

या हाफ़िज़	३३२	३३८	२२१०
या हाफ़िज	३३२	३३४	२३६
££	३३७	३३०	३३५
कैदी का नाम कैदी के वालिद का नाम	या हाफ़िज़	याहाफ़िज़	याहाफ़िज़

७८

रविवार के दिन एक जंगली काला कबूतर पकड़ लायें, फिर प्रद- शित यन्त्र को केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखकर, धूप-दीप देने के बाद, उस कबूतर के गले में बाँध दें तथा उड़ा दें।

यन्त्र में जिस जगह कैदी का नाम तथा उसके पिता का नाम लिखा है, वहाँ कैदी तथा उसके पिता नाम लिखना चहिए।

۷۸۶

یا حافظ	۳۳۲	۳۳۸	۲۲۱۰
یا حافظ	۳۳۲	۳۳۹	۲۳۴
۹۹	۳۳۷	۳۳۰	۳۳۵
قیدی کا نام قیدی کے والد کا نام	یا حافظ	یا حافظ	یا حافظ

۶۴

चोरी का पता लगाने का प्रयोग

मन्त्र –"उद्मुद्जल्लजलाल पकड़ चोटी धर पछाड़ मेज कुद्दा ल्याव मुद्दा या कहूहारो या क़हूहारो।"

प्रयोग विधि—किसी नदी अथवा कुएँ के किनारे बैठकर इस मन्त्र को १२१ बार पढ़कर वहीं सो जाय। एक सप्ताह तक नित्य इसी नियम

का पालन करे तो इसी अवधि में किसी दिन स्वप्न के माध्यम से चोरी का सारा भेद मालूम हो जाएगा। जो व्यक्ति चुरा ले गया होगा, उसका तथा जहाँ पर चोरी का माल रक्खा होगा, उसका—सब बातों का हाल मालूम हो जाएगा।

तिजारी का यन्त्र

नीचे प्रदर्शित यन्त्र को सफेद कागज पर काली स्याही से लिखें या भोजपत्र के ऊपर लाल चन्दन से लिखें और जिस आदमी को तिजारी बुखार आता हो उसकी दाँई भुजा में बाँध दें तो तिजारी ज्वर आना बन्द हो जाता है।

۹۲	۹۲	۹۲
۹۲	۹۲	۹۲
۹۲	۹۲	۹۲

۸۰

۷۱	۷۱	۷۱
۷۱	۷۱	۷۱
۷۱	۷۱	۷۱

۸۱

८ | वशीकरण सम्बन्धी विशिष्ट प्रयोग

वशीकरण सम्बन्धी कुछ प्रयोगों का उल्लेख पिछले प्रकरणों में किया जा चुका है। इस प्रकरण में अमलियात-ए-मुहब्बत अर्थात् प्रेमी-प्रेमिका वशीकरण सम्बन्धी कुछ ऐसे विशिष्ट प्रयोगों का उल्लेख किया जा रहा है, जिन्हें पहुँचे हुए कमिलों की मेहरबानी द्वारा बड़ी कठिनाई से प्राप्त किया जा सका है।

वशीकरण सम्बन्धी ये प्रयोग यन्त्र-साधन की श्रेणी में आते हैं। इनमें से किसी भी प्रयोग को करने से पूर्व निम्नलिखित हिदायतों पर अमल करना आवश्यक है।

भविष्य मालूम करने का तरीका

अमलियात-ए-मुहब्बत (वशीकरण सम्बन्धी प्रयोग) के लिए सर्व-प्रथम ताला (भाग्य या भविष्य) मालूम करना आवश्यक है। इसकी विधि निम्नानुसार है—

जिस किसी का भविष्य मालूम करना हो, उसके नाम के अदद तथा उसकी मां के नाम के अदद निकाल कर जमा करें (जोड़ लें), फिर उसमें १२ से तरह (भाग) दें। यदि १ बचे तो 'हमल', २ बचे तो 'शवर', तीन बचे तो 'जोजा', चार बचे तो 'सरतान', पाँच बचे तो 'असद', छह बचे तो 'सनबाला', सात बचे तो 'मेजान', आठ बचे तो 'अक़रब', नौ बचे तो 'क़ौस', दस बचे तो 'जदी', ग्यारह बचे तो 'दलो' और ० (शून्य) बचे तो 'हवत' है—यह समझना चाहिए।

उदाहरण के लिए—तालिब प्रेमी का नाम 'मोहम्मद दीन रहमत' है। इसके ७४६ (सात सौ छियालीस) अदद होते हैं। इनमें जब १२ का भाग दिया गया तो शेष २ बचे। इसका ताला (भविष्यत्) बुर्ज (राशि) 'शवर' है। इसी तरह मत्लूब (प्रेमिका) के नाम के अदद निकाल कर उसका बुर्ज (राशि) मालूम कर लें। यदि आशिक की राशि 'आत्शी' और माशूक की राशि 'आबी' है तो 'आतिश' अर्थात् अग्नि और 'आब' अर्थात् 'पृथ्वी'—ये दोनों एक दूसरे के मुखालिफ (विरोधी) होंगे, ऐसी स्थिति में दो ताबीज (यन्त्र) लिखने चाहिए—एक 'आत्शी' और दूसरा 'आबी'। अगर ताला आशिक 'बादी' है और ताला माशूक 'खाकी' है तो इसमें

मुआफ़क़त (अनुकूलता) होने के कारण एक ताबीज ही काफी रहेगा। जैसा मिजाज हो, उसके मुआफ़िक (अनुसार) ताबीज लिखना चाहिए। आत्शी के लिए आत्शी और आबी के लिए आबी।

ताबीज की किस्में

ताबीज चार किस्म (प्रकार) के होते हैं—(१) आत्शी, (२) बादी, (३) आबी और (४) खाकी।

ताबीज 'आत्शी' उसे कहते हैं जिसे कागज या कोरी ठोकरी या हिरन की खाल पर या चीनी की तख्ती आदि पर लिखकर आग में डाला जाता है या चूल्हे के नजदीक (समीप) गाड़ दिया जाता है।

'बादी' ताबीज उसे कहते हैं, जिसे लिखकर दरख्त (वृक्ष) अथवा किसी अन्य ऊँचे स्थान पर लटका दिया जाता है, ताकि वह हवा से हिलता रहे।

'आबी' ताबीज को लिखकर तालाब, नदी या कुएँ, जलाशय आदि में डाला जाता है, क्योंकि इसका सम्बन्ध पानी से है।

'खाकी' ताबीज वह है, जिसे लिखकर चौखट, चौराहे या कब्रिस्तान वगैरह में दफ़न किया (गाड़ा) जाता है।

अब ताबीज की किस्में मालूम हो गईं, लिहाजा इसके लिए एदाद हरूफ़ का इल्म जरूरी है।

जद दिल अब्ज (वर्णमाला) इल्म जफर (कामयाबी) से है। इसके सात कलमे हैं और हर कलमे के चार हरूफ़ हैं और हर एक का सवा स्यार: से ताल्लुक है। इन हरूफ़ों में जो हरूफ़ जिस शख्स के सरे असम पड़े, उसका और उसके नाम का ताल्लुक जिस सितारे से होगा, उसी के मुआफ़िक नजवर (धूनी) जलाने से बहुत जल्द असर होता है।

किस सितारे के आत्शी, बादी, आबी तथा खाकी के हिसाब से किस हरूफ़ के कितने अदद (संख्या) होते हैं, इसे आगे प्रदर्शित चित्र संख्या ८२ और ८३ में बताया गया है। नाम के हरूफ़ों को अरबी अक्षरों के आधार पर ही लेना चाहिए। अन्य किसी भाषा के आधार पर नहीं।

ضطغ	قرشت	سعفص	کلمن	حطی	ہوز	ابجد	ستارہ
قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	سبع
ذ ۷۰۰	ش ۳۰۰	ف ۸۰	م ۴۰	ط ۹	ہ ۵	ا ۱	آتشی
ض ۸۰۰	ت ۴۰۰	ص ۹۰	ن ۵۰	ی ۱۰	و ۶	ب ۲	بادی
ظ ۹۰۰	ث ۵۰۰	ق ۱۰۰	س ۶۰	ک ۲۰	ز ۷	ج ۳	آبی
غ ۱۰۰۰	خ ۶۰۰	ر ۲۰۰	ع ۷۰	ل ۳۰	ح ۸	د ۴	خاکی

८२

ज़ग़ा	करशात शत्रुव	तायुस	मन	हतीक्रल	हौज	अब्जद	सितारा
क़मर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	सबा
ज़ 700	श 300	फ़ ८०	म ४०	त ९	ह ५	अ १	आतशी
ज़ ८००	त ४००	स ९०	न ५०	ई १०	व ६	ब २	बादी
ज़ ९००	स ५००	क़ १००	स ६०	क 20	ज़ ७	ज 3	आबी
ग़ १०००	ख़ ६००	र २००	ऐ ७०	ल 30	ह ८	द ४	ख़ाकी

८३

तालिब (प्रेमी) जब तावीज लिखे तो जिस सितारे की साइत में लिखने का इत्तफ़ाक हो, उसके मुआफ़िक नजवर (धूनी) जलायें। हर सितारे के नजवरात (धूनियाँ) अलग-अलग होते हैं। यदि धूनी सितारे के मुआफ़िक न होगी तो फ़ायदा भी नहीं होगा।

किस सितारे के नजवर (धूनी) क्या-क्या हैं, इसे नीचे लिखे अनुसार समझ लेना चाहिए—

(१) **जौहाल**—अबर, लोबान, राल, करनफल।

(२) **मुश्तरी**—मुश्क, जौ दाना, काफ़ुर, कपूर, सन्दल सुर्ख (लाल चन्दन), अबद कक्कार (खांड़ या चीनी)।

(३) **मिर्रीख**—लोबान, अबद, राल।

(४) **शम्स**—दारचीनी, अबद, मुश्क (कस्तूरी), जाफ़रान (केशर)।

(५) **जोहरा**—अबद, इब्ज, मुश्क, संदल सफेद (सफेद चन्दन), काफ़ूर, असपदं।

(६) **अतारद**—संदल सुर्ख, करनफल, काफ़ूर, नमकसंग, अबद।

(७) **क़मर**—शहद, काफ़ूर, अबद।

सितारों के विषय में

 (…ता) अलग-अलग है। कोई सईद (शुभ) है तो कोई नह्‌स (अशुभ) है। किसी की कुछ तासीर है, किसी की कुछ है। हर एक सितारा एक वक्त का हाकिम होता है। इसलिये आमिलों ने सितारे की साईत (मुहूर्त) देखना मुकर्रर किया है यानी शुभ-अशुभ मुहूर्त देखकर ताबीज (यन्त्र) लिखना चाहिए, ताकि मेहनत बर्बाद न हो। हर सितारे की साइत एक घण्टा होता है। इब्तिदा (प्रारम्भ) सुबह ७ बजे से मुकर्रर की गई है अर्थात् सितारों का मुहूर्त प्रातः सात बजे से आरम्भ होता है।

नीचे सितारों की साइत (मुहूर्त) का नक्शा दिया जा रहा है, इसके आधार पर किस वक्त (समय) का हाकिम (अधिपति) कौन सा सितारा है, यह मालूम करने के बाद उसी के मुताबिक (अनुसार) नजवर (धूनी) जलानी चाहिए।

	پاس اول			پاس دوم			پاس سوم			پاس چہارم		
شب روز	ساعت ۱	ساعت ۲	ساعت ۳	ساعت ۴	ساعت ۵	ساعت ۶	ساعت ۷	ساعت ۸	ساعت ۹	ساعت ۱۰	ساعت ۱۱	ساعت ۱۲
شب شنبہ	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر
روز شنبہ	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ
شب یکشنبہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ
روز یکشنبہ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل
شب دوشنبہ	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد
روز دوشنبہ	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس
شب سہ شنبہ	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری
روز سہ شنبہ	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر	زحل	مشتری	مریخ	شمس	زہرہ	عطارد	قمر

८४

पास-चहारम			पास सोयम			पास दोयम			पास अव्वल			
१२ साअत	११ साअत	१० साअत	९ साअत	८ साअत	७ साअत	६ साअत	५ साअत	४ साअत	३ साअत	२ साअत	१ साअत	शब रोज़
कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	शब शम्बा
ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	रोज़ शम्बा
मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	शब यकशम्बा
ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	रोज़ यकशम्बा
अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	शब दोशम्बा
शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	रोज़ दोशम्बा
मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शब सहशम्बा
कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	रोज़ सहशम्बा

८५

پاس چہارم			پاس سوم			پاس دوم			پاس اول			
ساعت ۱۲	ساعت ۱۱	ساعت ۱۰	ساعت ۹	ساعت ۸	ساعت ۷	ساعت ۶	ساعت ۵	ساعت ۴	ساعت ۳	ساعت ۲	ساعت ۱	شب روز
زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	شب چہارشنبہ
مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	روز چہارشنبہ
زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	شب پنجشنبہ
عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	روز پنجشنبہ
شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	شب جمعہ
مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	شمس	مریخ	مشتری	زحل	قمر	عطارد	زہرہ	روز جمعہ

पास-चहारम			पास सोयम			पास दोयम			पास अव्वल			
१२ साअत	११ साअत	१० साअत	९ साअत	८ साअत	७ साअत	६ साअत	५ साअत	४ साअत	३ साअत	२ साअत	१ साअत	शबरोज़
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	शब चारशम्बा
मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	रोज़ चारशम्बा
ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	शब पंजशम्बा
अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	रोज़ पंजशम्बा
शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	शब जुमा
मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	शम्स	मिर्रीख	मुश्तरी	ज़ोहल	कमर	अतारद	ज़ोहरा	रोज़ जुमा

८६

अमल (साधना) सम्बन्धी नियम

अमल सम्बन्धी निम्नलिखित नियमों का पालन करना अति आवश्यक है—

१—अयल (प्रयोग अर्थात् यन्त्र अथवा मन्त्र-साधन) के लिए कोई एकांत-स्थान निश्चित कर लेना चहिये और जब तक प्रयोग सिद्ध न हो जाय, तब तक उसी स्थान पर साधना करते रहना चाहिए।

२—अमल (प्रयोग) बिना नागा प्रतिदिन मुकर्रर वक्त (निश्चित समय) पर उसी जगह करना चाहिए, जहाँ पहले दिन शुरू किया गया हो। यदि म्याद (सम्पूर्ण अवधि) से एक दिन भी छूट गया तो सम्पूर्ण **साधना** निष्फल हो जायेगी।

३—अमल (प्रयोग साधन) की अवधि में ब्रह्मचर्य व्रत का पूर्णरूपेण पालन करना चहिये तथा स्त्री के साथ हमबिस्तर नहीं होना चाहिए।

४—जिस अमल में जानवर की खाल की मनाही की गई हो, उसका साधन करते समय न तो चमड़े के जूते पहनने चाहिये और न किसी ऐसी वस्तु से हाथ लगाना चाहिए, जो किसी जानवर के चमड़े द्वारा निर्मित हो।

५—अमल के दौरान किसी से लड़ाई-झगड़ा करने से परहेज लाजमी है। अमल की अवधि में ऐसी कोई हरकत नहीं होनी चाहिए, जिसके कारण किसी के दिल पर ठेस पहुँच सके।

६—अमल के दौरान अपने परिवारीजनों, विशेषकर वालदैन (माता-पिता) का प्रसन्न बन रहना आवश्यक है।

७—अमल के दौरान जो भी शुभ काम किये जा सकते हों, उन्हें अवश्य करते रहना चाहिये।

८—अमल के दौरान यदि कोई साइल (याचक) अपने दरवाजे पर आकर सवाल (याचना) करे तो उसे महरूम (निराश) नहीं लौटाना चाहिए। उसे कुछ-न-कुछ देना आवश्यक है।

यदि उक्त नियमों का पालन नहीं किया गया तो अमल की अवधि में किया गया परिश्रम व्यर्थ हो जाता है तथा मनोभिलाषा की पूर्ति नहीं हो पाती। परन्तु यदि उक्त हिदायतों का पूरा-पूरा पालन किया जाय तो इंशा अल्ला ताला मकसद में कामयाबी जरूर हासिल होती है।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि किसी प्रयोग का साधन करने के बावजूद भी सफलता नहीं मिल पाती। ऐसी स्थिति में प्रयोगकर्ता को यह देखना चाहिए कि जिन नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है, उनमें कौन सी त्रुटि रह गई। जब वह त्रुटि पकड़ में आ जाय, तब उसका निराकरण करते हुए दुबारा प्रयोग आरम्भ करना चाहिये तो उसमें सफलता मिलने की आशा रहेगी। यदि दूसरी बार भी असफलता हाथ लगे तो अपनी कमियों पर नजर दौड़ानी चाहिए, क्योंकि बिना कोई कमी रहे असफलता मिलने का सवाल ही नहीं उठता। अतः उस कमी को जानकर और उसे दूर करते हुये तीसरी बार फिर प्रयोग आरम्भ करना चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि किसी त्रुटि के कारण एक बार असफलता मिलने पर प्रयोग बन्द नहीं कर देना चाहिये, अपितु हिम्मत एवं श्रद्धा-विश्वास के साथ उसे बार-बार दुहराना चाहिए। पूरे आत्म-विश्वास एवं श्रद्धा के साथ तथा नियमों का पालन करते हुये जो अमल किया जाता है, उसकी सफलता में कोई सन्देह नहीं रहता। इल्तजा कभी नाकाम नहीं होती। अगर मकसद में नाकामी हुई तो समझ लेना चाहिये कि तुम्हारी ही कोई गलती है, क्योंकि इन्सान से भूल अक्सर हो जाया करती है।

अमल पढ़ने से पहले आमिल की ख़सूसियात

प्रयोग आरम्भ करने से पूर्व प्रयोगकर्त्ता को अपनी योग्यता पर दृष्टिपात करना आवश्यक है। यदि अपने भीतर कुछ कमियाँ दिखाई दें तो उन्हें दूर कर देना चाहिए, क्योंकि किसी काम को शुरू करने से पहले ही जो इन्सान अपनी खामियों और कमजोरियों पर नजर डालता है और

उन्हें दूर कर देता है तो उसका दिल बेख़ौफ़ हो जाता है और उसे अपने मकसद (लक्ष्य) में कामयाबी (सफलता) भी हासिल (प्राप्त) होती है। अतः आमिल के लिये यह आवश्यक है। कि वह अमल शुरू करने से पहले उसूलों की पाबन्दी करे।

मन्त्र—'बिस्मिल्लाहुर्रहेमानुर्रहीम खुदाई बड़ा तू बड़ा जैनुद्दीन पैगम्बर दुनी तेरी सादात फुरो बादना मुरादी बेबुनियादी तुर्कमापरि तायिया सिलार देखूँ तेरी सक्ति बेगि बाँधि ल्लाव नौ नारसिंह चौरासी कलवा बारा ब्रह्मा अठारह सौ शाकिनी कामन दुरामन छल छिद्र भूत प्रेत चोर चाखर अगिया बैताल बेगि बाँधि लाव जो न बांधि लावै तौ दुहाई सुलेमान पैगम्बर की॥"

विधि—हर शुक्रवार को तेल, इत्र, लौंग, धूप तथा मिठाई से पूजन करके १०८ बार पढ़ने से यह मन्त्र ४० दिन में सिद्ध हो जाता है। मंत्र के सिद्ध हो जाने पर जब हाजिरात करना हो, तब फ़र्श पर मिट्टी से चौका लगाकर, उस पर चावलों की मस्जिद बनायें। फिर एक लकड़ी के पट्टे

पर त्रिशूल लिखकर, उसके ऊपर क्वारी कन्या को स्नान कराकर तथा स्वच्छ वस्त्र पहिना कर बैठायें फिर कन्या के सामने दीपक जलाकर रखें तथा स्वयं पूर्वोक्त मन्त्र को पढ़-पढ़कर कन्या के मस्तक पर चावलों को मारें तो कुछ देर बाद ही वह कन्या आपके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीपक में देखकर दे उठेगी।

हाजिरात का ख्वाजा मन्त्र

मन्त्र—"ख्वाजा खिज्र जिन्द पीर मैंदर मादर दस्तगीर मदत मेरा पीरान पीर करो घोड़े पर भीड़ चढ़ो हजरत पीर हाजर सो हाजर।"

विधिः—किसी भी शुक्रवार से आरम्भ करके २१ दिन तक इस मन्त्र को नित्य १०८ की संख्या में उल्टी माला पर जपें। लौंग, इलायची और लोबान की धूप देते रहें। इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

प्रयोग के समय सुबह ८ बजे एक छोटे बच्चे को स्नानादि से पवित्र कर स्वच्छ वस्त्र पहना कर एक लकड़ी के पट्टे पर बैठायें तथा उसके दायें अंगूठे के नाखून पर काली स्याही (काजल) लगा दें और उसमें मुंह देखने को कहें तथा स्वयं आगे बैठकर उक्त मन्त्र को पढ़ते हुए धूप देते रहें।

लड़के को सबसे पहले मैदान दिखाई देगा। जब वह यह कहे कि मुझे मैदान दिखाई दे रहा है, तब आप उससे कहें कि मैदान की जगह चौगान दिखाई देने लगे। फिर लड़का जब चौगान दीखने की बावत कहे, तब आप कहें कि 'दो जने आओ।' जब दो जने आजायें तब कहें कि 'दो और आ जाओ।' जब दो और आजायें, तब कहें कि दो और भी जायें। इस प्रकार चार दफा करें। जब आठ आदमी आ जायें, तब कहें कि झाड़ू वाले को बुलाकर झाड़ू लगवाओ। जब झाड़ू लग जाये तब कहें कि 'भिश्ती को बुला कर छिड़काब कराओ।' जब छिड़काव हो जाये तब कहें कि फर्श बिछवाओ।' जब फर्श बिछ जायं, तब कहें कि 'दो कुर्सी और तख्त मँगाओ।' तख्त तथा कुर्सी आ जाने पर कहें कि गद्दी बिछवाओ, गद्दी बिछ जाने पर कहें कि 'पीर साहब को जाकर हमारी ओर से अर्ज करें कि आपका फलां खादिम आपको याद कर रहा है, इसलिए मेहरबानी करके मुंशी साहब को साथ लेकर यहाँ तशरीफ लायें।' जब मुंशी साहब तथा पीर साहब आ जायें तब मुंशी से कहें कि वह भोग को पीर साहब की नज्र करें– यह कहकर भोग, इलायची, इत्र इन सबको दें। फिर मुंशी

से कहें कि पीरान पीर साहब से हमारी अर्ज करें कि आपका फलां खादिम फलां काम के बारे में पूछ रहा है।' यह कहकर अपना काम बतायें तो लड़के द्वारा उसका जबाब मिलेगा।

यदि लड़का उत्तर को समझ जाय तो ठीक कहे, न समझ सके तो मुंशी से कहे कि मैं नहीं समझा. इसलिए मुझे फलां भाषा में लिखकर लिखदो। यह सुनकर मुंशी उसी भाषा में लिखकर दिखा देगा। इसी विधि से जो कुछ पूछना हो, वह पूछ लेना चाहिए।

स्वप्न सिद्धि मन्त्र (१)

मन्त्र—"बिस्मिल्लाहहुर्रमानुर्रहीम अल्लाहो रब्बीमुहम्मद रसूल ख्वाजे की तस्वीर कुल आलम हजूर भेजेंगे मवक्कल ल्यावेंगे जरूर।"

विधि—इस मन्त्र को पहले सवा लाख की संख्या में जप कर सिद्ध कर लेना चाहिए। मन्त्र का जप बृहस्पतिवार से आरम्भ करना चाहिए तथा पश्चिम की ओर मुंह करके बैठना चाहिए। आवश्यकता के समय ग्यारह सौ से ग्यारह हजार तक की संख्या में, जितना हो सके मन्त्र का जप करना चाहिए। यह क्रम २१ दिन तक जारी रखना चाहिए। इसके प्रभाव से वांछित प्रश्न का उत्तर २१ दिन के भीतर स्वप्न में अवश्य प्राप्त हो जाता है।

इस मन्त्र के अमल के दिनों में हर बार पेशाब करने के बाद इस्तिजा अवश्य करना चाहिए अर्थात् इन्द्री को मिट्टी के ढेले से पोंछ देना चाहिए तथा वृहस्पतिवार के दिन किसी कब्र पर जाकर रक़ाबी, फूल-इत्र तथा मिठाई चढ़ानी चाहिए, लोबान की धूप देनी चाहिए तथा फकीरों को खाना खिलाना चाहिए।

स्मरणीय है कि सभी मुसलमानी मन्त्रों को उल्टी माला फेरते हुए जपा जाता है अतः इस मन्त्र को भी उल्टी माला फेरते हुए ही जपना चाहिए।

स्वप्न-सिद्धि मन्त्र (२)

मन्त्र—"बिस्मिल्ला हुर्रहेमानुर्रहीम शमशैरव वरैल शलै आदम हजरत महबूब सुभानी हाजर।"

विधि—साधन विधि तथा इस्तिजा आदि के सभी नियम पूर्वोक्त मन्त्र की तरह ही समझना चाहिए। आवश्यकता के समय इस मन्त्र को नित्य १००० की संख्या में जपने से २१ दिन के भीतर स्वप्न के माध्यम से भविष्य का ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

स्वप्न-सिद्धि मन्त्र (३)

मन्त्र—"या बासितो।"

विधि—पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके बैठें तथा चौमुखा दीपक जलाकर, उल्टी माला पर नित्य ३३००० की संख्या में ४१ दिनों तक उल्टी माला फेरते हुए जप करें तो मन्त्र सिद्ध हो जाता है। आवश्यकता के समय इस मन्त्र को नित्य १००० की संख्या में पढ़कर सो जाने पर साधक के प्रश्न का ठीक-ठीक उत्तर स्वप्न में मिल जाता है। इस मन्त्र को अत्यन्त चमत्कारी माना जाता है।

दुश्मन को मारने का प्रयोग

सबसे पहले मोम का एक पुतला बनायें। फिर शनिवार के दिन पहली घड़ी में उस पुतले को १०१ बार निम्नलिखित मन्त्र से अभिमन्त्रित करें अर्थात् इस मन्त्र को पढ़-पढ़कर पुतले के ऊपर फूँक मारें—

मन्त्र—"या कह हारो।"

उक्त मन्त्र को पढ़ने में पहले ६ बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' का मन्त्र पढ़ें तथा २ बार निम्नलिखित मन्त्र भी पढ़ें—

"या कह हारो या कहर ताविल कहर्फी कहर।"

मन्त्र के आदि तथा अन्तर में ११-११ बार 'दरूद' भी अवश्य पढ़नी चाहिए।

उक्त प्रकार से मन्त्र-जप करने के बाद झाड़ की सींक का तीर-कमान बनायें, फिर उसे निम्नलिखित मन्त्र से ५०० बार अभिमन्त्रित करें—

"या हूशियन लाइलाहइल्ला अंता सुबहानिका इन्ना कुन्तौ मिनज्जालमीन।"

इस मन्त्र को पढ़ने से पूर्व एक बार पूरी 'बिस्मिल्लाह' पढ़ना आवश्यक है।

फिर तीर को कमान पर रखकर नीचे लिखे मन्त्र को ३ बार पढ़ें परन्तु इससे पहले भी एक बार 'बिस्मिल्लाह' अवश्य पढ़नी चाहिए। मन्त्र यह है—

"या कह हारो या इतरालो या टौराइलो या अमवाक़िलो फलाने की छाती और कलेजे को मेरे तीर की जर्ब से जख्मी करो [illegible]।"

उक्त मन्त्र में जहाँ 'फलाने' शब्द आया है, वहाँ शत्रु के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

उक्त प्रकार से मन्त्र को पढ़ने के बाद कमान पर चढ़ाये हुए तीर को पुतले की छाती में मारना चाहिए। इस प्रयोग से कुछ ही दिनों के भीतर दुश्मन की मृत्यु हो जाती है।

शत्रु-मारण मन्त्र

मन्त्र—**"जल की जोगिनी पाताल का नाग, उठ अबारि जहाँ लगाऊँ तहाँ दौड़ के मार, दौड़ कर दुहाई मुहम्मदाबीर की तुर्कनी के पूत की दुहाई, भोला चक्रषी की फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"**

विधि—एक पत्ते में थोड़ा सा अबीर लपेटकर, उसे अपने मुँह में रक्खें, फिर पानी में गोता लगाकर ७ बार उक्त मन्त्र का जप करें, फिर मुँह में से पत्ता तथा पत्ते से अबीर निकाल कर, अबीर को गूगल की धूनी देकर ७ बार अभिमन्त्रित करके जिस शत्रु के मुँह पर डाल दिया जायेगा उसकी मृत्यु हो जायेगी अथवा उसे मृत्यु-तुल्य कष्ट होगा।

शत्रु-मुख स्तम्भन मन्त्र

मन्त्र—**"शाह आलम कुत्ब आलम ज़ेर करो दुश्मन दफै करो जालिम।"**

विधि—किसी शुभ महीने के शुक्ल पक्ष की पहली जुमेरात से आरम्भ करके ८ दिनों तक रात के समय दीपक जलाकर तथा फूल, बताशा एवं रेवड़ी चढ़ाकर तथा लोवान की धूप देकर इस मन्त्र का नित्य ४० बार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

आवश्यकता के समय शत्रु की ओर ५ बार मन्त्र पढ़कर फूँक मार देने से उसकी जीभ बन्द हो जाती है अर्थात् वह अधिक नहीं बोल पाता।

दाढ़ के दर्द का मन्त्र

मन्त्र—"नमो कामरू देस कामक्षा देवी जहाँ बसै इस्माइल जोगी। इस्माइल जोगी ने पाली गाय, नित उठ वन में चरावन जाय। वन में चरै रूखासूखा, घास खाय पी के गोबर किया, जासे निपज्या कीड़ा सात। सूत सुताला पूँछ पुछाला, धड़ पीला मुँह काला। डाढ़ दाँत गालै मसूड़ा पीड़ा करै तो गुरु गोरखनाथ की दुहाई फिरै। शब्द साँचा पिण्ड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

विधि—इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए लोहे की तीन कीलों को काठ (लकड़ी) पर ठोंक देने से दाढ़ का दर्द दूर हो जाता है।

बावले कुत्ते के काटने का मन्त्र

मन्त्र—'नमो कामरू देस कामाक्षा देवी जहाँ बसै इस्माइल जोगी। इस्माइल जोगी ने पाली कुत्ती दस काली दस काबरी दस पीली दस लाल। रंग बिरंगी दस खड़ी दस टीको दै भाल। इनका विष हनुमन्त हरै रक्षा करै गुरू गोरखनाथ। सत्य नाम आदेश गुरु को।'

विधि यह मन्त्र ग्रहण की रात्रि में १००० बार जपना चाहिए। जप के समय तैल का दीपक जलाना चाहिए तथा लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए। इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर जिस आदमी को बावले कुत्ते ने काटा हो, उसके घाव के चारों ओर आरने कण्डों की राख को ७ बार मन्त्र पढ़कर लगा दें। इस क्रिया को तीन दिन तक नित्य करने से लाभ होता है।

बावले कुत्ते का झारा

यदि किसी व्यक्ति को बावले (पागल) कुत्ते ने काट लिया हो तो निम्नलिखित मन्त्र का झारा देने से उसका विष उतर जाता है।

मन्त्र—'ओम् कामरू देस कामाख्या देवी जहाँ बसै इस्माइल जोगी, झामरा कुत्ता सोना की डाढ़ रूपा का कूड़ा बन्दर नाचे रीछ बजावै सीता बैठी औषध बाँटे कूकर का विष भाजे शब्द साचा पिन्ड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

[illegible] रात अथवा ग्रहण के दिन इस मन्त्र को १०,००० की संख्या में जप कर सिद्ध कर लेना चाहिए तथा आवश्यकता के समय १०८ बार जपकर रोगी को फूँक मारनी चाहिए।

आधासीसी का झारा

यदि किसी व्यक्ति के आधे सिर में सूर्योदय से सूर्यास्त तक होने वाला आधासीसी का दर्द हो तो नीचे लिखे मन्त्र का झारा देने से दर्द बन्द हो जाता है।

मन्त्र—'काली चिड़िया किलकिली, काले बनफल खाइ।
खड़े मुहम्मद शाह अंक दें, आधासीसी जाइ।"

विधि—पहले ग्रहण के दिन दीवाली या होली की रात को १०,००० की सँख्या में जप कर मन्त्र को सिद्ध कर लें। फिर शनिवार या रविवार को दोपहर बारह बजे के समय रोगी को सूर्य की ओर टकटकी लगाकर देखने को खड़ा कर दें तथा स्वयं इस मन्त्र को १०८ बार पढ़कर उस पर फूँक मार दें तो आधासीसी का दर्द दूर हो जायेगा।

बवासीर का मन्त्र (१)

मन्त्र—'ईसा ईसा काँच कपूर चोर के सीसा अलिफ अक्षर जाने नहीं कोई। खूनी बादी एकु न होई। दुहाई तख्त सुलैमान बादशाह की।"

विधि—उक्त मन्त्र किसी ग्रहण के समय, होली अथवा दीवाली की रात में १०,००० की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर, इसी मन्त्र से तीन बार अभिमन्त्रित पानी रोगी को आबदस्त लेने के लिए दें तथा बाद में रोगी पाखाने के हाथ धोकर, बवासीर के मस्से को हाथ से पकड़कर मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित

जादू-टोने का असर दूर करने का तन्त्र

अमावस की सुबह चार बजे किसी कब्रिस्तान में जाकर, वहाँ के किसी पेड़ के घोंसले में एक कौए को पकड़ लावें। फिर उसे लोहे के पिंजड़े में बन्द करके उसके सिर पर जाफ़रान (केसर) का तिलक लगायें तथा उसके गर्दन के चारों ओर भी केसर से एक घेरा सा बना दें। फिर सूरज निकल आने पर उड़द के आटे का हलुआ असली घी और शक्कर [illegible] तैयार करें। उसी में थोड़ा सा लोबान भी मिला दें। फिर वह हलुआ कौए को खाने के लिए दें। दिन के वक़्त उसे हस्ब मामूल ख़ुराक देते रहें तथा पीने के लिए दही फेंटने से निकला हुआ नीले रंग का पानी दें। ऐसा रोजाना करते रहें। फिर जिस दिन शनिवार पड़े, उस दिन हलुआ, घी और शक्कर की बजाय तेल और गुड़ से तैयार करें। यह हलुआ लोहे की कढ़ाई में, लोहे की कलछी से ही बनाना चाहिए और लोहे के बर्तन में रखकर ही कौए को खाने के लिए देना चाहिए।

इस हलुए को खाने के बर्तन में डालने से पहले उस पर ६ रत्ती सिन्दूर छिड़क देना जरूरी है तथा उस बर्तन में ताँबे का एक छोटा टुकड़ा भी डाल देना चाहिए।

कौआ हलुए को तो खा लेगा परन्तु ताँबे का टुकड़ा उसी बर्तन में पड़ा छोड़ देगा। तब उस टुकड़े को बर्तन में से निकालकर अपने पास अलग रख लें।

कौए को पकड़े हुए जब सात दिन पूरे हो जायें, तब आठवें दिन उसे पिंजड़े से निकालकर आकाश की ओर मुँह करके छोड़ दें। फिर उस ताँबे के टुकड़े को किसी सुनार के पास ले जायें और उससे कहें कि वह उस टुकड़े से एक आदमी जैसी मूरत तैयार कर दे। उस मूरत के एक ओर कौए का तथा दूसरी ओर एक ऐसी तराजू का चित्र खुदवा दें जिसके दोनों पलड़े बराबर के हों।

ऊपर लिखे तरीके से करामाती गंडा तैयार हो जाएगा। अगर कभी अपने ऊपर या किसी दीगर शख्स के ऊपर जादू टोने का असर मालूम हो तो ऊपर कही गई मूरत को धागे में बाँधकर अपने गले में पहन लें या दीगर शख्स के गले में पहना दें। अगर किसी ने मकान में रहने वाले सब लोगों के ऊपर कोई जादू-टोना कर दिया हो तो उस रात को मकान के मुख्य दरवाजे पर गाड़ दें और अगर किसी ने खेत या बगीचे पर जादू-टोना कर दिया हो तो उस मूरत को खेत या बगीचे के बीच में गाड़ दें तो हर तरह के जादू-टोने का असर दूर हो जाएगा। अगर इस मूरत को हर वक्त अपनी जेब में रखा जाएगा तो हर तरह के जादू-टोने से हिफ़ाजत बनी रहेगी।

दफ़ीना (गढ़ा धन) नज़र आने का तन्त्र

(१) [illegible] फल दोनों को खूब बारीक पीसकर आँखों में लगाने से दफ़ीना (गढ़ा धन) नजर आता है।

(२) स्याह मुर्ग की जुबान (जीभ) को तेल में जलाकर उस शख्स की आँखों में लगायें जो उल्टा पैदा हुआ हो तो दफ़ीना (गढ़ा धन) दिखाई देता है।

खर्च किया हुआ रुपया वापिस आ जाना

असाढ़ के महीने में इतवार के दिन दरिया तालाब के किनारे जाकर एक जोड़ा मेढ़क का जुफ़्ती करता हुआ ले और उसे गूगल की धूनी देकर नर के मुँह में रुपया और मादा के मुँह में अठन्नी रखकर दोनों की मलक देकर तालाब या दरिया के किनारे पूरब की ओर मादा और पच्छिम की ओर नर को ऐसी जगह गाड़ दें, जहाँ किसी की आमदरफ़्त न हो अर्थात् पाँव न पड़े। यह काम एकदम नंगा (निवस्त्र) होकर करें। जब आठ दिन गुज़र जायें तब दोनों को खोदकर देखें। अगर रुपया ३३ बार अठन्नी के पास पहुँचे तो रुपया खर्च करना चाहिए और अठन्नी को अपने पास रखना चाहिए और अगर अठन्नी उड़कर रुपया के पास पहुँच जाय तो अठन्नी को खर्च करके रुपया को अपने पास रखना चाहिए। उड़ने वाले को बार-बार खर्च करने से वह पलट-पलट कर खर्च करने वाले के पास आ जाता है।

रोग-दोष मिटाने का उतारा

मिट्टी के सात शकोरे लाकर, उनके ऊपर ढक्कन रखें। फिर सात रेशम लाकर उसके ऊपर सिन्दूर लगायें तथा छार छबीला, कपूर कचरी अगर और कपूर को मिलाकर सात तरह की पुड़िया बनाकर रख लें। फिर लाल, पीला, हरा, गुलाबी, भूरा और सफ़ेद —इन सातों रंगों से शकोरे को रंगें और उनके भीतर कड़ुआ तेल भरकर ढक्कन से मुँह बन्द करके उनके ऊपर पुड़िया रख दें। शाम के वक्त रोगी के सामने इस उतारे को

करके शकोरों को किसी नदी तालाब वगैरह में डाल दें तो रोग-दोष दूर हो जाते हैं।

स्वप्न में भविष्य ज्ञान

जंगल में जाकर जिस पेड़ पर अमरबेल है, पहले उसकी सात परिक्रमा करें उसको अमर बेल युक्त एक लकड़ी तोड़कर ले आयें। फिर उस लकड़ी को धूप देकर जला दें तथा लता को सिरहाने रखकर जिस (बात) का विचार करते हुए सो जाया जायेगा उसके बारे में भविष्य का ज्ञान ख्वाब (स्वप्न में) प्राप्त हो जाता है।

मनवांछित चीज को प्राप्त करना

किसी मनवांछित वस्तु की प्राप्ति तथा अभिलाषा की पूर्ति में निम्नलिखित तान्त्रिक-प्रयोग सहायक सिद्ध होते हैं—

प्रयोग १– माघ महीने के कृष्ण पक्ष की तेरस की रात में किसी जगह पड़ी हुई ऊँट की हड्डी को न्योत आवें। फिर चौदस की रात में उसे घर लाकर धूप-दीप दें। फिर उसे पानी में धोकर सिन्दूर और लाल चन्दन लगायें और उससे मनवांछित वस्तु की याचना करें तो कुछ ही दिनों में अभिलाषा पूर्ण होती है।

प्रयोग २ रविवार के दिन मेढ़े के सींग को न्योत कर घर ले आयें। फिर उसे जलाकर गोली तैयार करें तथा गोली को जमीन में गाड़ कर तेल से सींचें। आधी रात के समय एकान्त में उसके पास बैठकर मन में जिस कार्य की इच्छा करें वह अल्लाह की मेहरबानी से पूरी होती है।

प्रयोग ३ भादों महीने के अँधेरे पाख में भरणी नक्षत्र वाले दिन पानी भरे हुए चार घड़े लेकर जंगल में पहुँचें और उन्हें वहाँ किसी एकान्त जगह में रखकर चुपचाप लौट आयें। फिर दूसरे दिन वहाँ जाकर घड़ों को देखें और उनमें जो खाली मिले उसे लेकर लौट आयें। बाकी घड़ों को खाली खाली करके वहीं छोड़ आयें। घर लाये हुए खाली घड़े को किसी एकान्त कोने में रखकर प्रतिदिन उठकर पूजा करें तो लक्ष्मी प्रसन्न होकर उसके घर में रहने लगती है अर्थात् उस व्यक्ति की गरीबी दूर हो जाती है।

जुए में जीतना

इतवार के दिन जब हस्त नक्षत्र हो, तब एक दिन पहले यानी कि शनीचर के दिन पवाड़ के पौधे को न्योत आवें। फिर रविवार की सुबह उसे लाकर अपनी दाईं कलाई में बाँधकर जुआ खेलें तो वह लगातार जीतता चला जायेगा।

गुप्त भेद को जानना

इतवार के दिन घुग्घू का कलेजा निकाल कर ले आयें। फिर उसे धूप लोबान देकर सोते हुए आदमी की छाती पर रख दें तो वह सोते हुए [illegible] भेदों को प्रकट कर देता है।

रात में भी दिन जैसा दिखाई देना

इतवार के दिन मेढक और मेढकी को जोड़ा खाते हुए देखें या किसी पीले मेंढक को दूसरे मेंढक पर चढ़ा हुआ देखें तो उन्हें लाकर, मार कर सुखा लें। फिर उन्हें आग में जलाकर भस्म करें और उसे सुरमे की तरह पीस कर रख लें। इस सुरमे को आंखों में लगाने से अंधेरी रात में भी दिन की तरह दिखाई देता है।

दूर चलने पर भी थकान न आवे

(१) काले तीतर को लाकर तीन दिनों तक भूखा रख चौथे दिन उसे पारा पिला दें। फिर दूध में भिगोये हुए चावल खिलावें। जब तीतर बीठ करे तब उसमें से पारे को निकाल कर गोली बना लें। इस गोली को मुँह में रखकर लम्बी यात्रा करने से भी थकान नहीं आयेगी।

(२) सफेद ककोड़ा, काकजंघा और सरफोंका –इन तीनों की जड़ को पीसकर शहद के साथ पिलाने तथा इन तीनों को पोटली में रखकर कमर में बाँधकर चलने से लम्बी दूरी तक बिना थकान के पैदल चल सकता है।

जमीन में गढ़ी हुई वस्तु दिखाई देना

(१) काले कौए की जीभ और मांस को लेकर आक के सूत में लपेट कर बत्ती बनायें। फिर उसे बकरी के घी में भिगोकर रात के समय दीपक में जलायें और उसमे काजल पारें। इस काजल को आँखों में लगाने से जमीन के भीतर गढ़ी हुई चीजें दिखाई देने लगती हैं।

(२) कमल के सूत की बत्ती बनाकर, उसे अरण्ड के पत्ते के अर्क में भिगोकर सुखा लें। फिर उस बत्ती को अंकोल के तेल में डालकर दीपक

में जलायें और काजल पारें। इस काजल को पुष्य नक्षत्र वाली तेरस के दिन आँखों में लगाने से जमीन के भीतर गढ़ी हुई चीजें दिखाई देने लगती हैं।

(३) शुभ तिथि, नक्षत्र और बार (दिन) में काली गाय के दूध को जीभ पर रखें तथा उसके घी को दोनों आंखो में लगाये तो जमीन में गढ़ा हुआ धन दिखाई देने लगता है।

दीठ-मूठ से सुरक्षा

कृत्तिका नक्षत्र में लोहे की अँगूठी बनवाकर हाथ में धारण करने से दीठ-मूठ से सुरक्षा होती है।

—: ० :—

१० वशीकरण सम्बन्धी कतिपय अन्य प्रयोग

इस प्रकरण में स्त्री-वशीकरण सम्बन्धी उन मन्त्र-तन्त्रों का उल्लेख किया जा रहा है, जिन्हें हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही साधक प्रयोग में लाते हैं। इन सभी [illegible] के अन्तर्गत की जाती है।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (१)

मन्त्र—"धूली धूलेश्वरी धूलीमाता परमेश्वरी धूली चँवती जै जै कार रन रन चोंच भरे अमुकी छाती छार छार ते न हटैं देता घरबार मरे तो मसान लोटे, जीवे तो पाँव पलोटे वाचा बाँध खती होई तो जगाइ ल्याव माता धूलेश्वरी तेरी शक्ति मेरी शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो बाचा ठः ठः ठः स्वाहा।"

विधि—इतवार के दिन जो आदमी मरा हो उसकी तीन मुट्ठी राख लाकर शनिवार से शुरू करके ७ दिनों तक रोजाना १४४ बार इस मन्त्र का जप करना चाहिए। जप करते समय उक्त मरघट की राख के ऊपर चिराग जलाकर रखना चाहिए और उसके सामने धूप-गूगल वगैरह रखने चाहिए।

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तो चिराग के नीचे रक्खी हुई राख को शीशी में भरकर रखलें। फिर जिस स्त्री को वश में करना हो, उसके ऊपर राख को २१ बार अभिमन्त्रित करके डाल दें, तो वह साथ-साथ लगी चली आती है।

तन्त्रशास्त्रियों के अनुसार यह प्रयोग बहुत असर कारक है। इसके प्रभाव की परीक्षा करनी हो तो अभिमन्त्रित राख किसी भैंस के ऊपर डालकर देखना चाहिए। अभिमन्त्रित राख के पड़ते ही भैंस राख डालने वाले के साथ चल देगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (२)

मन्त्र—'धूली धूली विकट चन्दनी पर मारूँ धूली फिरे दिवानी घर तजे बाहर तजे ठाढ़ा भरतार तजे देवी एक सठी

कलवान तू नाहरसिंह वीर अमुकीं ने उठा इल्याव मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।"

विधि—उक्त मन्त्र का जप करते समय जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है, वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। इसकी प्रयोग विधि यह है कि शनिवार के दिन जिस स्त्री की मृत्यु हुई हो, उसके पगतल के अंगार को लेकर शकोरे में रखकर उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करें। फिर उस अंगार को पीसकर, वह चूर्ण जिस साध्य-स्त्री के ऊपर डाल दिया जायेगा, वह स्त्री वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (३)

मन्त्र—'बाँधूँ इन्द्रक बाँधूँ तारा बाँधूँ बिंद लोही की धारा उठे इन्द्र न घाले ख़त साख पूणी हो जाय । बख ऊपर लो कंकड़ो हीया ऊपर लो ख़त में तो बन्धन बाँधियो सासू सुसर जाला पूत । मन बाँधूँ मन्वन्तर बाँधूँ विद्या देसूँ साथ, चार खूँट जे फिर आवे फलानी फलाना के साथ गुरु गुरे स्वाहा ।"

विधि—किसी भी शनिवार के दिन से इस मन्त्र का साधन आरम्भ करना चाहिए। किसी स्वच्छ और पवित्र स्थान में एक पुतली बनाकर रखें और उसका विधिपूर्वक पूजन करके गूगल की धूप दें तथा दीपक जलाकर मन्त्र का २१ बार जप करें। मन्त्र में जिस जगह 'फलानी फलाना' शब्द आया है, वहाँ साध्य-स्त्री और पुरुष के नाम का उच्चारण करना चाहिए। इस क्रिया को आरम्भ करके नित्य नियमित रूप से रात्रि के समय करना चाहिए। मन्त्र-साधन काल में प्रत्येक शनिवार को सवा पाव हलवा और पाँच बताशों का भोग रखना चाहिए। इस प्रकार से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा, तब आवश्यकता के समय किसी भी शनिवार को एक पुतली बनाकर उसके पेट में साध्य-स्त्री का नाम लिखकर, उस पर १०८ बार मन्त्र पढ़कर फूँक मारनी चाहिए। फिर साध्य-स्त्री के सामने जाकर उस पुतली को अपनी छाती से लगाना चाहिए। ऐसा करने पर साध्य-स्त्री बेचैन होकर साधक के वशीभूत हो जाती है तथा उसकी प्रत्येक आज्ञा का पालन करती है।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (४)

मन्त्र—'आकाश की जोगनी पाताल का नाम उड़जा अबीर तू फलानी के लाग, सूते सुख न बैठे सुख, फिर-फिर देखे मेरा मुख, हमकूँ छाँड़ि दूसरा कने जाय तो काढ़ि कलेजा नाहरसिंह वीर खाय । फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।"

[illegible] की धूनी देकर, उसे एक पत्ते में भरकर अपने मुँह में रखें। फिर पानी में गोता लगाते हुए सात बार मन्त्र को जपें तदुपरान्त पानी से बाहर निकलकर अबीर वाले पत्ते को मुँह से बाहर कर, पुनः अबीर को गूगल की धूनी दें। इस अबीर को जिस साध्य-स्त्री के मुँह पर लगाया जायेगा, वह वशीभूत हो जायेगी।

इस मन्त्र में जहाँ 'फलानी' शब्द आया है, वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (५)

मन्त्र—"नमो काल भैरूँ निशि राती काला आया आधा राती चलती कतार बाँधे तू बावन वीर पर नारी से राखे सीर मन पकरि वाको लावे, सोवती को जगाई लावे, बैठी को उठाइ लावे, फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ।"

विधि—जब इतवार के दिन होली अथवा दीवाली पड़े, उस रात को नंगा होकर बायें हाथ से लाल रंग के एरण्ड के पौधे को एक झटके में तोड़ लायें तथा मन्त्र का जप करते हुए उसे जलाकर भस्म कर दें। फिर उस भस्म के ऊपर २१ बार मन्त्र पढ़कर, जिस साध्य-स्त्री के सिर पर डाला जाएगा, वह साधक के वशीभूत हो जाएगी।

स्त्री-वशाकरण मन्त्र (६)

मन्त्र—"फूल-फूल फूल कुमारी रानी । पल-पल में आवो शीघ्र वशमानी । यह फूल मन्त्र पढ़ूँ अमुकी जान । जगत ईश्वर नरसिंह वरदान । यह फूल पढ़ि देऊं अमुकी माथा । हमें छोड़ न जावे दूसरे के साथा । अल्लाह कामरू कामाक्षा माई । अल्ला हाड़ी दासी चण्डी दोहाई ।"

विधि दशमी तिथि को रात के समय १०८ बार जप करने से यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। इस मन्त्र में जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर एक चम्पा के फूल को तीन बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिस स्त्री के हाथ में दे दिया जाएगा अथवा जिसके मस्तक पर डाल दिया जाएगा वह यदि दुष्ट स्वभाव की तथा घमण्डी हो तो भी अपनी दुष्टता एवं घमण्ड को त्यागकर साधक के वशीभूत हो जाती है।"

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (७)

मन्त्र—"धूल-धूल तूँ धूल की रानी जनमोहनी सुन मोर बानी, जब मैं धूला आन पढ़ूँ, तब पार्वती वरदान, धूली पढ़ दूँ अमुकी अंग, जो जलती आती उमंग, उसका मन लावे निकार हमारी वश्यता करे स्वीकार।"

विधि होली के दिन यह मन्त्र १०८ बार जपने से सिद्ध हो जाता है। मन्त्र में जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है, वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। फिर रविवार के दिन साध्य-स्त्री के पाँव के नीचे की धूली लेकर, उसे मन्त्र से ३ बार अभिमन्त्रित करके, उसी स्त्री के ऊतर डाल देने से वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (८)

मन्त्र—"नमो गुड-गुड रे तू गुड-गुड तामडा मशान केलि करता जा उसका देग उमा सब हर्षे हमारी आस खसम को देखें जलै बलै हमको देखें रुक-रुक चले चाल-चाल रे कालिका के दूत जोगी जंगम और अवधूत सोती होय जगाय लाव बैठी हो तो उठाय लाव न लावै तो माता कालिका की शय्या पर पाँव धरै। शब्द साँचा पिंड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरोवाचा सत्य नाम आदेश गुरु का।"

विधि इतवार के दिन एक पैसा भर गुड़ को लेकर श्मशान में जायें. वहाँ तेल बाकला से भरव का पूजन करके इस मन्त्र का १००८ की संख्या में जप करें तो गुड़ सिद्ध हो जायेगा। उस गुड़ को जिस साध्य-स्त्री को खिलाया जायेगा, वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (९)

मन्त्र—"नमो उर्वशी सुपारी काम निगारी राजा परजा खरी पियारी मन्त्र पढ़ि लगाऊँ तोहि हिया कलेजा लावै तोहि जीवता चाटे पगतली मूवा संग मसान जो वश्य न होय तो जती हनुमन्त की आन। शब्द साँचा पिण्ड काँचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

विधि—जब चन्द्र पर ग्रहण लगा हो उस समय इस मन्त्र को १००८ बार जपे तो यह सिद्ध हो जाता है। इस मन्त्र में जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। फिर एक सुपारी को इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करके जिस साध्य-स्त्री को खिलाया जायगा, वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (१०)

मन्त्र—"नमो जल की जोगिनी पाताल नाम जिस पर भेजूँ तिसके लाग, सोने न पावै सुख से बैठने न पावै, सुख से घूम फिर-फिर ताके मेरा मुख, जो बाँधी छूटे तो बाबा नरसिंह की जटा टूटे।"

विधि—चार लोगों को एक पत्ते में लपेट कर गूगल की धूनी दें। फिर उसे होठ में दबाकर किसी तालाब के पानी में गोता मारकर सात बार मन्त्र पढ़ें। फिर मुँह से पत्ता निकालकर, उसे सात बार मन्त्र पढ़ कर गूगल की धूनी दें। तदुपरान्त उस लौंग को जिस स्त्री को खिलावें, वहव शीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (११)

मन्त्र—"मो कामरू देस कामाख्या देवी जहाँ बसे इस्माइल जोगी, इस्माइल जोगी ने दिये चार लौंग, एक लौंग निसिमाती, दूजी लौंग दिखावे राती, तीसरी लौंग रहे झुलाय, चौथी लौंग मिलन कराय, नहीं आये तो कुआ बावड़ी घट फिरै, रंडी कुवा बावड़ी छिटक मरे। नमो गुरु की अल्ला फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

विधि—जिस समय चाँद पर ग्रहण पड़ रहा हो। उस समय चार-लौंग चारों दिशाओं में रखकर बीच में एक चौमुखा दीपक जलाकर विधि-

पूर्वक एक हजार बार मन्त्र का जप करें तो यह सिद्ध हो जायेगा। फिर आवश्यकता के समय एक लौंग पर सात बार मन्त्र पढ़कर उसे जिस स्त्री को खिला दिया जायेगा वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण मन्त्र (१२)

मन्त्र–"नमो आदेश कामरू कामाख्या का रे तेल झिकमिक **कामरू के दीप में अमुको का मन पड़े, वह तेल के माँझ जरे, मन्त्र ज्योति के रूप से छाड़ि चंचल थिर हो मन स्थिर से मेरा भजन कर काटे जीवन और अरयन करे तन मन आदेस हाड़ी दास चराडी की दुहाई फिरे।"**

विधि–एक चिराग में सरसों का तेल भरकर उसमें बत्ती जलायें तथा १०८ बार मन्त्र का जप करें। मन्त्र में जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है, वहाँ साध्य-स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। फिर उस दीपक के तेल को जिस स्त्री के अंग पर लगा दिया जायेगा, वह यदि महादुष्टा हो तो भी वशीभूत हो जाती है।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (१)

मंगलवार या इतवार के दिन अंजीर के पौधे की एक डाली को तोड़ लावें, फिर रतिक्रिया में संलग्न कुतिया के ऊपर उसे मारें। तदुपरान्त उस डाली को जलाकर राख कर लें। फिर उस राख को अपने मूत्र में सानकर छोटी-छोटी गोलियाँ बनाकर रख लें। उनमें से एक गोली जिस साध्य-स्त्री को खिला दी जायेगी, वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (२)

माघ के महीने में शनिवार के दिन जब अष्टमी तिथि हो और स्वाति नक्षत्र हो, उस दिन आक के पौधे को न्योत आवें और रविवार के दिन उसकी कोंपले लाकर, पीस कर रख लें। उस चूर्ण को जिस साध्य-स्त्री के मस्तक पर डाला जाता है, वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (३)

पुष्य नक्षत्र में इन्द्रायण की जड़ लाकर, उसमें पीपल, सौंठ और कालीमिर्च मिलाकर गाय के दूध में पीस लें, फिर उसकी छोटी-छोटी

गोलियाँ बनाकर रखलें। आवश्यकता के समय एक गोली को चन्दन के साथ घिसकर अपने मस्तक पर तिलक लगायें और अभिलषित-स्त्री के सामने जाकर खड़ा हो तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (४)

शनिवार के दिन अपने हाथ-पाँव के बीसों नख कटवा कर रख लें। [illegible] तक करें। फिर आठवें रविवार के दिन नख कटवा [illegible] पक्षी के पंजों के नख कटवाकर कर रख तथा उनके [illegible] मिला दें, फिर उन सबको मिट्टी के एक शकोरे में रखकर आग पर तपायें। जब सब जलकर राख हो जायें, तब उस राख को मक्खन में मिलाकर साध्य-स्त्री को खिला दें तो वह वशीभूत होकर साधक के पास चली आयेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (५)

पुष्य नक्षत्र में नदी के किनारे वाले झाऊ (फरास) के वृक्ष की जड़ को निकाल कर ले आयें। फिर उसमे कूड़ की छाल मिलाकर कूट-पीसकर रख लें। फिर इस चूर्ण में चुटकी भर श्मशान की राख मिलाकर जिस साध्य-स्त्री के मस्तक पर डाल दी जायेगी, वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (६)

होली के दिन होली को न्योत कर उसकी एक लकड़ी अपने घर ले आयें, फिर उसका धूप-दीप से पूजन करके धोबी के घर ले जायें। वहाँ धोबी की भट्टी में उस लकड़ी को जलाकर राख करलें तथा राख को अपने पास रखलें, जब हस्त नक्षत्र आये तब उस राख को जिस साध्य-स्त्री के मस्तक पर डाला जायेगा, वह वशीभूत हो जायगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (७)

सवा हाथ धुली हुई गजी (खद्दर का कपड़ा लेकर उसे रास्ते में डाल दें। जब वह हवा में उड़ने लगे, तब उसके पीछे-पीछे चला जाय। जिस स्थान पर वह कपड़ा गिरे, वहाँ से उसे उठा लायें। पीछे मुड़कर न देखें। फिर धोबी के कपड़ा धोने के पत्थर पर जाकर, उस गजी के टुकड़े अलग कर दें तथा कपड़े को वहीं धोबी के पत्थर की धूलि-मिट्टी झाड़कर अलग-अलग कर दें तथा कपड़े को वहीं धोबी के पत्थर पर जलाकर उसकी राख को तथा कपड़े से झड़ी हुई धूलि मिट्टी का अलग-अलग इकट्ठा करके घर ले आयें। वहाँ राख तथा धूलि-मिट्टी दोनों को

अलग-अलग गूगल की धूनी देकर रखलें। फिर आवश्यकता के समय जिस स्त्री को वशीभूत करना हो, उसके शरीर पर राख लगा दें तो वह वशीभूत होकर पास चली आयेगी और जब उसके शरीर पर धूलि-मिट्टी लगायी जायेगी, तब वह लौटकर वापिस चली जायेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (८)

रविवार के दिन पुष्य नक्षत्र की अंधेरी रात में जो बटोही मार्ग में जा रहा हो, उसके पांवों के नीचे की धूलि मुट्ठी भर ले आवें। फिर उसमें मोर की बीट, हरताल और सुहागा मिलाकर एक दीपक के समीप रखदें। तत्पश्चात् संध्या के समय जिस स्त्री के मस्तक पर यह मिश्रण डाला जायेगा, वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (९)

मंगलवार या रविवार के दिन एक चोट में किसी छछूंदर को मार कर उसे चौराहे पर गाड़ दें। सातवें दिन उसे उखाड़ें। उस समय जो एक हड्डी भागने लगे, उसे पकड़लें तथा उसके अतिरिक्त एक अन्य हड्डी को भी, जो अपने स्थान पर ही स्थित रही हो, लेकर घर लौट आयें। वहाँ दोनों हड्डियों को गूगल की धूनी देकर रखलें। फिर आवश्यकता के समय जो हड्डी भागी हो, उसे जिस साध्य-स्त्री के शरीर से स्पर्श कराया जाएगा वह वशीभूत हो जाएगी तथा जब उसके शरीर से दूसरी हड्डी का स्पर्श कराया जाएगा, तब वह अलग हट जाएगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (१०)

पुष्य अथवा श्रवण नक्षत्र में धतूरे की हरी पत्तियाँ तथा मोर की बीट को समभाग लेकर पीस लें फिर उसकी छोटी-छोटी गोलियाँ बनाकर रखलें। आवश्यकता के समय उनमें से एक गोली का धुआँ जिस स्त्री को दिया जाएगा, वह वशीभूत हो जाएगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (११)

काकड़ासिंगी, वच, एलुआ और छोटी इलायची—इन सबको समभाग लेकर कूट-पीस कर गोली बनाकर रखलें। आवश्यकता के समय इस गोली को जलाकर अपने कपड़ों में धूप दे दें, फिर साध्य-स्त्री के पास जायें तो वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (१२)

मोर का दाँया और बाँया पंख, काकजंघा एवं पुहकरमूल—इन सबको मिलाकर खूब महीन पीस लें। उसमें से एक चुटकी भर चूर्ण जिस स्त्री के मस्तक पर डाला जाएगा, वह वशीभूत हो जाएगी।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (१३)

श्रवण नक्षत्र में पुहकरमूल की जड़ तथा तगर—इन दोनों को समभाग लेकर पानी में पीसकर गोली बना लें। इस गोली को घिसकर, अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य-स्त्री के पास पहुँचा जाय तो वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री-वशीकरण तन्त्र (१४)

गधे के सिर की हड्डी को मनुष्य के कपाल में रखकर, भाँगरे के अर्क में रुई की एक बत्ती को रंगे, फिर कपाल में तेल भरकर उसमें बत्ती डालकर जलायें तथा काजल पारें। उस काजल को शनिवार के दिन अपनी आँखों में लगाकर, जिस साध्य-स्त्री को ओर देखें, वह वशीभूत हो जाएगी।

राजा-वशीकरण तन्त्र (१)

तालीसपत्र, कूठ और अगर—इन सबको एकत्र पीसकर लेप बना लें। फिर उस लेप को किसी रेशमी वस्त्र पर लगाकर उसकी बत्ती बनायें तथा उस बत्ती को मनुष्य को खोपड़ी में डालकर उसमें सरसों का तेल भरकर, बत्ती को जलायें तथा काजल पारें। उस काजल को अपनी आँखों में लगाकर राजा के पास जायें तो वह देखते ही वशीभूत हो जाएगा।

नोट—वर्तमान समय में राजा-महाराजा नहीं रहे, अत यह प्रयोग शासनाधिकारी, मंत्री आदि को वश में करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है।

राजा-वशीकरण मन्त्र (२)

मन्त्र—"नमो आदेश गुरु का जल बाँधूँ अग्नी बाँधूँ बार-बार बाँधूँ शिव प्रचण्ड बाँधूँ रूठा राजा कोई करसी आसण

छोड़ मंझाव सग देसी आपण टीको चन्दन ललाट टीको काढ़ि सिंह वर्ण कहाऊँ और करूँ सँईयालते में बंध्यान गोरा पार्वती बध्याते मैं बंध्या या गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

विधि शनिवार से आरम्भ करके २१ दिनों तक धूप-दीप नैवेद्य द्वारा गौरा-पार्वती देवी का पूजन और ध्यान करते हुए नित्य प्रति [illegible] बार इस मन्त्र का जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर कुंकुम, चन्दन और गोरोचन को गाय के दूध में पीस कर इस मन्त्र से ७ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर यदि राजा के पास पहुँचा जाय तो वह वशीभूत हो जाता है।

राजा-वशीकरण तन्त्र (३)

पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में किसी बगीचे में जाकर, नंगा होकर एक ही झटके में अनार के पौधे की एक डाली तोड़ लायें। फिर उसे धूप देकर अपनी दायीं बाँह में बाँधकर राजसभा में जायें तो राजा उसे देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

राजा-वशीकरण तन्त्र (४)

अंकोल के पके हुए फल और मैनफल—दोनों को समभाग लें, गाय के दूध में पीसकर गोली बनायें। फिर गाय के स्वयं गिरे हुए पीले सींग को लाकर उसमें गाय का ही दूध भरकर, उक्त सूखी हुई गोली को डाल दें। फिर उसे सात दिन तक पृथ्वी में गाड़कर धूनी दें। आठवें दिन उसे निकालकर, गोली को घिस कर अपने माथे पर तिलक लगायें और राजसभा में जायें तो राजा देखते ही वशीभूत हो जाएगा।

राजा-वशीकरण तन्त्र (५)

शुद्ध घी, दूध, शक्कर, दही और शहद इनके साथ १०० कमल के फूलों का रात्रि के समय अग्नि में हवन करें तथा हवन करते समय जिस राजा को वश में करना हो, उसका ध्यान करता रहे तो इस प्रयोग से चक्रवर्ती राजा भी वशीभूत हो जाता है।

राजा-वशीकरण तन्त्र (६)

पुष्य अथवा भरणी नक्षत्र में चम्पा की कली लाकर, उसे हाथ में बाँधकर राजा के समीप जाने से वह वशीभूत हो जाता है।

राजा-वशीकरण तन्त्र (७)

[illegible] की जड़ लाकर उसे पानी में पीसकर आँखों में आँजने और राजा के पास जाने से राजा वशीभूत होता है।

सर्व-जनवशीकरण मन्त्र (१)

मन्त्र—"नमो आदेश गुरु को राजा मोहूँ प्रजा मोहूँ ब्राह्मण बाणिया हनुमन्त रूप में जगत मोहूँ तो रामचन्द्र परमाणियाँ गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

विधि—रामचन्द्र जी का ध्यान कर, उनका धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजन करके २१ दिनों तक नित्य १२१ बार उक्त मन्त्र का जप करता रहे तो मन्त्र सिद्ध हो जायगा। फिर गाँव के चौराहे पर जाकर एक चुटकी भर धूलि लेकर उसे उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाने से साध्य-व्यक्ति देखते ही वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन-वशीकरण मन्त्र (२)

मन्त्र—"नमो काला कलवा कालीरात निस की पुतली माँझी रात काला कलवा घाट बाट सूती को जगाइ लाव बैठी को उठाइ लाव बेगी धरया लाव मोहनी जोहनी, चल राजा की ठाँव अमुकी के तन में चटपटी लगाव जी पाले तोड़ जो कोई खाइ हमारी इलायची कभी न छोड़े हमारा साथ घर को तजे बाहर को तजे घर के साईं को तजे हमें तज और कने जाइ तो छाती फाट तुरत मर जाइ सत्यनाम आदेश गुरु का गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा ईश्वर महादेव की वाचा, वाचा से टरे तो कुंभी नर्क में पड़े।"

विधि—इस मन्त्र को २१ दिनों तक नित्य १०८ बार जपना चाहिए। इससे मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। सिद्ध हो जाने पर एक छोटी इलायची पर इस मन्त्र को ११ बार पढ़े। फिर वह इलायची जिस व्यक्ति को खिला दी जाएगी, वह वशीभूत हो जाएगा। यह प्रयोग स्त्रियों पर विशेष प्रभावकारी है। इस मन्त्र में जहाँ 'अमुकी' शब्द आया है, वहाँ मन्त्र-जप के समय साध्य-स्त्री अथवा पुरुष के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

सर्वजन-वशीकरण मन्त्र (३)

मन्त्र—"हरे पान हरपाल पान चिकनी सुपारी श्वेत खैर दाहिने का चना मोही लेह पान हाथ में दे हाथ रस लेह ये पेट दे पेट रस लेह श्री नरसिंह वीर थारी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वर महादेव की वाचा।"

विधि यह मन्त्र ग्रहण के समय १००८ बार जपने से सिद्ध हो जाता है। सिद्ध हो जाने पर इस मन्त्र द्वारा पान को २१ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति को खिला दिया जाएगा, वह वशीभूत हो जाएगा।

सर्वजन-वशीकरण तन्त्र (४)

तगर, कूठ, हरताल और केशर—इन सबको समभाग लेकर अपनी अनामिका अंगुली के रक्त में पीसकर, मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाला वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन-वशीकरण तन्त्र (५)

रविवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र हो तब तगर, कूठ और तालीम पत्र को पीसकर दीपक की बत्ती में मिलाकर, उस को कड़वे तेल के दीपक में डालकर जलायें तथा आधीरात के समय मनुष्य की खोपड़ी के ऊपर काजल पारें। इस काजल को आँख में आंजने से देखने वाले स्त्री-पुरुष वशीभूत हो जायेंगे।

सर्वजन-वशीकरण तन्त्र (६)

चिता की भस्म, कूठ, वच, तगर और कुंकुम—इन सबको इकट्ठा पीसकर, जिस पुरुष के पाँवों पर तथा जिस स्त्री के मस्तक पर डाला जाएगा, वह वशीभूत हो जायेंगे।

सर्वजन-वशीकरण तन्त्र (७)

पुष्य नक्षत्र में इन्द्र जौ की जड़, पीपल, सौंठ और काली मिर्च—इन सबको गाय के दूध में पीसकर, सुखाकर रखलें। फिर आवश्यकता के समय इसे चन्दन के साथ घिसकर अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य-व्यक्ति के सम्मुख जायें तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन-वशीकरण तन्त्र (८)

आक और धतूरे की जड़ कबूतर की बीट तथा चौराहे की धूल—इन सबको एकत्र कर पीसकर तथा सुखाकर रखलें। फिर इसमें चिता की भस्म मिलाकर मंगल अथवा शनिवार के दिन जिसके मस्तक पर डाल दिया जाएगा, वह वशीभूत हो जाएगा।

शत्रु-वशीकरण तन्त्र (१)

रविवार के दिन दो घड़ी रात रहते उठकर श्मशान में जायें तथा वहाँ अपने दोनों हाथ पीछे की ओर करके चिता से एक लकड़ी को उठाकर किसी एकान्त स्थान में रख आयें। फिर प्रतिदिन रात्रि के समय जाकर उसका पूजन करता रहे। इस प्रकार इक्कीस दिन बीत जाने पर, उस लकड़ी को खाती (बढ़ई) के घर ले जाकर उसके सात टुकड़े करवाये तथा पहले टुकड़े की एक मेख बनाकर उसे शत्रु के घर में गाढ़ दें तथा शेष सभी टुकड़ों को नदी में बहादें। शेष टुकड़ों को नदी में बहाकर लौटते समय मार्ग में से सात कंकड़ियाँ उठाकर घर लेता आये तथा उन्हें धूप-दीप देकर पूजन करे। आवश्यकता के समय उन कंकड़ियों को जिसके मस्तक पर डाला जायेगा, उसके सब रोग-दोष दूर हो जायेंगे तथा मेख को शत्रु के घर में गाढ़ने का प्रभाव यह होगा कि शत्रु वशीभूत हो जाएगा।

शत्रु-वशीकरण तन्त्र (२)

मंगलवार अथवा रविवार के दिन काले रंग के घोड़े तथा काले रंग के बकरे के पाँव के बाल तथा काले मुरगे एवं काले कौए के चार-चार पंख—इन सबको जलाकर राख बनालें। उस राख को पानी में खरल करके शीशी भरकर रखलें। फिर, आवश्यकता के समय इस मिश्रण का तिलक अपने

मस्तक पर लगाकर शत्रु के सामने जाने से उसका वशीकरण होगा और वह डर के कभी सामने आने का साहस नहीं करेगा।

शत्रु-वशीकरण तन्त्र (३)

पुष्य नक्षत्र में चमेली की जड़ लाकर उसका ताबीज बनाकर अपने पास रखने से शत्रु वशीभूत होते हैं।

शत्रु-वशीकरण तन्त्र (४)

रविवार के दिन सफेद आक की जड़ को उखाड़ लाकर उसे छाया में सुखाकर अपनी भुजा में बाँधने से शत्रुओं का वशीकरण होता है।

शत्रु-वशीकरण तन्त्र (५)

धतूरा, अदरक, बरगद और मूंगा की जड़—इन सबको समभाग लेकर पीस लें। फिर उस चूर्ण को घिसे हुए चन्दन में मिलाकर, उसका तिलक मस्तक पर लगाने से शत्रु देखते ही वशीभूत हो जाता है।

पुतली वशीकरण प्रयोग

शनिवार के दिन रात्रि के समय किसी स्वच्छ, एकान्त और शान्त स्थान में बैठकर गोरोचन, कुंकुम तथा केशर से भोजपत्र के ऊपर एक सिंहासन पर बैठी हुई स्त्री (पुतली) का चित्र बनायें। फिर उसका विधि-पूर्वक पूजन करके, धूप-दीप तथा गूगल की धूनी दें, तदुपरान्त निम्न-लिखित मन्त्र का ११ बार जप करें—

मन्त्र—"बाँधूँ इन्द्रक बाँधूँ तारा बाँधूँ बिंदी लोही की धारा उठे इन्द्र न घाले घाव सूख साख पूरी हो जाय। बग ऊपर लों काँकड़ो हीया ऊपर लों सूत में तो बन्धन बाँधियो सासू सुसर जाया पूत मन बाँधूँ मन्वन्तर बाँधूँ विद्या देखूँ साथ चार खूँट जे फिर आवे फलानी फलाना के साथ गुरु गुरे स्वाहा।"

इस मन्त्र में जहाँ 'फलानी फलाना' शब्द आया है, वहाँ साध्य स्त्री-पुरुष नामों का उच्चारण करना चाहिए।

उक्त क्रिया को निरन्तर २१ दिनों तक करते रहना चाहिए तथा प्रत्येक शनिवार को सवा पाव लपसी एवं पाँच बताशों का भोग रखना चाहिए।

उक्त प्रयोग द्वारा अभिलषित-स्त्री को वश में किया जा सकता है।

आकर्षण का मन्त्र

मन्त्र—"काला कलवा चौंसठ वीरा मेरा कलवा गंगा तीर जहाँ को भेजूँ वहाँ को जाइ मच्छी को छुवन न जाइ अपना मारा आपहि खाइ, चलत बाण मारूँ उलट मूँठ मारूँ मार मार कलवा तेरी आस चार चौमुखा दीया न वाती जा मारूँ वाही की छाती इतना काम मेरा न करे तो तुझे अपनी माँ का दूध पिया हराम है।"

विधि—घी का चिराग जलाकर गूगल की धूनी दें और जोड़ा फूल तथा मिठाई रखकर २१ दिनों तक नित्य १००८ बार जपे तो मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर जिसको आकर्षित करना हो उसके नाम का उच्चारण करते हुए सुपारी छाल पर इस मन्त्र को २१ बार पढ़कर उसे पान में रखकर अभिलाषित स्त्री-पुरुष को खिलाये तो वह आकर्षित हो जायेगा।

यह मन्त्र आकर्षण के साथ ही वशीकरण कारक भी है तथा यह मूंठ को उल्टी (वापिस) भेजने का काम भी करता है।

पति-वशीकरण प्रयोग

मासिक धर्म के समय का अपनी योनि का रक्त, गोरोचन तथा केले का रस—इन तीनों को मिलाकर पीस लें। फिर इससे अपने मस्तक पर तिलक करके पति के समीप जायें तो वह देखते ही वशीभूत हो। यह प्रयोग स्त्रियों के दुर्भाग्य को दूर कर, सौभाग्य की वृद्धि करता है।

राजसभा मोहन मन्त्र

मन्त्र--"सलामुन कौलुन मिन रबिर्रहीम तनजीलुल अजीजुर्रहीम ।"

पहले 'बिस्मिल्लाह' पढ़कर उक्त मन्त्र को अपने दोनों हाथों की हथेलियों पर ७ बार पढ़ें, फिर हाथों को मुँह पर फेरकर राजसभा में जायें तो वहाँ के सब लोग मोहित हों।

स्त्री आकर्षण तन्त्र

जिस स्त्री को आकर्षित करना हो, उसके बाँये पाँव के नीचे की मिट्टी लाकर, उसे गिरगिट के रक्त में सान कर एक पुतली बनायें। फिर उस पुतली की छाती पर साध्य-स्त्री का नाम लिखें। तदुपरान्त उसे आकर्षण मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके, उस जगह गाढ़ दें, जहाँ पर मूत्र-त्याग किया जाता हो। फिर उस स्थान के ऊपर प्रतिदिन मूत्र करता रहे तो वह स्त्री सहस्रों मील दूर क्यों न रहती हो, तो भी आकर्षित होकर पास चली आती है।

मन्त्र इस प्रकार है—

मन्त्र—"ॐ नमो आदि पुरुषाय अमुकं आकर्षणं कुरु-कुरु स्वाहा ।"

इस मन्त्र में जहाँ 'अमुक' शब्द आया है वहाँ जिस स्त्री-पुरुष को आकर्षित करना हो, उसके नाम का उच्चारण करना चाहिए।

यह मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है।

सर्वजन मोहन प्रयोग

मन्त्र—"तिलसों में तेल राजा पर जा पाय मेलि अलक पानी मसक ल्याय छत योनि मेरे पाय नगाय हाथ खड्ग फूलों की माला जानि बिजानै गोरख जान मेरी गति को कहै न कोय हाय पछानो मुख धोऊ सुमिरो निरंजन देव हनुमंत मती हमारी पति राखे मोहिनी दोहनी दोनों बहिन आव मोहिनी रावल चालै मुख बोलै जिह्वा मोहूँ, आस मोहूँ, पास मोहूँ जब संसार में निसरू टीका देय ललाट शब्द साँचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा छु ।"

विधि—दीवाली की रात को तिल लाकर, उल्टी घानी से उनका तेल निकलवाकर, उस तैल को उक्त मन्त्र से २१ बार अभिमन्त्रित करें। फिर उस तेल अपने मस्तक पर बिन्दी लगायें तो देखने वाले सभी लोग मोहित हों।

स्त्री-मोहन प्रयोग

रविवार के दिन पान का एक बीड़ा लाकर धोबी के कपड़े धोने की पटिया पर जा खड़ा हो। वहाँ नंगा होकर पहले उस बीड़े को खोले, फिर लपेट कर बन्द करें तथा वस्त्र पहन कर घर लौट आयें। पीछे मुड़कर न देखें। यह बीड़ा जिस स्त्री को खिलाया जायेगा, वह मोहित हो जाएगी।

पानी को मस्से पर लगाये तो कुछ दिनों के निरन्तर प्रयोग से खूनी तथा बादी बवासीर ठीक हो जाती है।

बवासीर का मन्त्र (२)

मन्त्र—'खुरासान की टेंनीसाह। खूनी बादी दोनों जाय। उमती-उमती चल चल स्वाहा।''

विधि—इस मन्त्र को पहले पूर्वोक्त मन्त्र की विधि से सिद्ध करलें। फिर प्रयोग के समय इस मन्त्र से तीन बार अभिमन्त्रित पानी द्वारा आबदस्त लें तथा लाल सूत में तीन गाँठें लगाकर उस पर इक्कीस बार मन्त्र को पढ़ें फिर उसे दोनों पाँवों के अँगूठों में बाँध लें। इससे खूनी तथा बादी—दोनों प्रकार की बवासीर दूर हो जाती है।

पीड़ा-निवारक मन्त्र

मन्त्र—'लश्कर फरऊन दर रोदनी लगर्क शुद।''

विधि—जिस जगह दर्द हो, वहाँ इस मन्त्र को ३ बार पीली मिट्टी से लिखें। फिर मिट्टी के बराबर गुड़ तुलवाकर छोटे बच्चों को बाँट दें तो पीड़ा दूर हो जाती है।

आँख की फुली का मन्त्र

मन्त्र—''उत्तर कूल काछ सुन लोगी की बाछ, इस्माइल जोगी की दो बेटी एक पाले चूल्हा एक काटे फुली का काछ, फुली का काछ, फुली का काछ।

विधि—छुरी द्वारा २१ बार जमीन पर लकीर खींचे तथा हर बार लकीर खींचते समय एक बार उक्त मन्त्र को पढ़ता जाय। इस प्रकार सात दिनों तक नित्य चाकने से आँख की फुली कट जाती है।

सिया का मन्त्र

मन्त्र—''नमो कामरू देस कामाख्या देवी जहाँ बसे इस्माइल जोगी, इस्माइल जोगी के तीन पुत्रा एक तोड़े, एक पिछोड़े, एक तोते जरी तोड़े।''

विधि—रोगी को खड़ा करके जिस जगह ठण्ड लगती हो, वहाँ हाथ से पकड़कर २१ बार मन्त्र फूंकें तो सिया रोग हो जाता है।

हाकिम को वश में करने का मन्त्र-तन्त्र

चाँद की ग्यारहवीं तारीख को रात के वक़्त कौए के घोंसले पर पहुँचकर एक जोड़ा नर और मादा कौए को पकड़कर ले आयें। उन्हें [illegible] चाहिए। घर लाकर दोनों कौओं को पिंजड़े में बन्द करदें। दूसरे दिन सुबह दोनों के नाखून काट कर उन्हें एक डिब्बी में बन्द करके रखलें। फिर दोनों कौओं को उनके घौंसले में जहाँ-का-तहाँ छोड़ आयें। फिर उसी रात को १२ बजे किसी एकान्त और शांत जगह में बैठकर, कौए के नाखूनों वाली डिबिया को खोलकर अपने सामने रख लें तथा नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ते हुए उस पर फूंक मारें। कुल मिलाकर मन्त्र का पाठ २२५० बार करना चाहिए। मन्त्र इस प्रकार है

''फैल के चन्द्रमुखी सती का पैर पड़े घन कड़े, सलाम कर बीम जारी फैलके ब्लीम ताड़े फल लाग तार सवा। दम्तूर बढ़ियाँ लान मेरी अडिया लाग सुन्दर वास्ता बड़े। फल पढ़ के मिल जाय कड़े असत नाम आदेश करें।'' नित्य ग्यारह रात तक इसी प्रकार मन्त्र का जप तथा साधन करते रहें। तदुपरांत उन नाखूनों को किसी कपड़े में सीकर रख लें और जिस समय हाकिम के सामने जायें उस समय नाखूनों वाले कपड़े को अपनी कमर में बाँधकर जायें तो हाकिम वशीभूत हो जाता है।

प्रेमी को आकर्षित करने का मन्त्र

काल कौए के पंख, मोर के पंख तथा हुदहुद पक्षी के सिर की कलंगी के पंख—इन तीनों को जलाकर राख बनालें। फिर इतवार के दिन सूरज निकलने से पहले किसी चौराहे से धूलि लाकर, उस राख में मिला दें। फिर सबके मिश्रण को एक डिब्बी में भर कर रखलें। जरूरत के समय इस राख को अपने थूक में मिलाकर जिस स्त्री अथवा पुरुष के कपड़ों से लगा दिया जाएगा वह प्रेम से आकर्षित होकर वशीभूत हो जाएगा।